Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199
भगवान के वस्त्र, श्रृंगार मूर्तियां एवं समस्त पूजन सामग्री संगमरमर व पीतल की मूर्तियां राशि रत्न एवं उपरत्न उपलब्ध



राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ



श्री
दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य
माँ दुर्गा उपासक मां बगुलामुखी, माँ कामख्या, माँ भद्रकाली, माँ शतचंडी की असीम कृपा साधना द्वारा समस्त समस्याओं का मार्ग दर्शन हेतु
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पता:- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग



वर्ष 06, अंक 80 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये | रायपुर, शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 | www.samaydarshan.in







## ईडी का आरोप- केजरीवाल जानबूझकर आम-मिठाई खा रहे :ताकि ब्लड शुगर बढ़े और जमानत मिले, आतिशी बोलीं-कस्टडी में रोकी गई सीएम की दवाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) ने गुरुवार 18 अप्रैल को बड़ा आरोप लगाया। श्वष्ठ ने राउज एवेन्यू कोर्ट में कहा कि वह तिहाड़ जेल में जानबूझकर मीठा खा रहे हैं, ताकि इससे उनका शुगर लेवल बढ़ जाए और उन्हें मेडिकल के आधार पर जमानत मिल जाए।

ईडी ने कहा कि केजरीवाल को टाइप-2 डायबिटीज है, लेकिन वह जेल में आलू पूड़ी, आम और मीठा खा रहे हैं। केजरीवाल शराब घोटाला मामले में तिहाड़ जेल में 18 दिन से बंद हैं। कोर्ट ने उन्हें घर का खाना खाने की अनुमति दी है।

वहीं, दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल रोज 54 यूनिट इंसुलिन लेते है। उन्हें सीवियर डायबिटीज है। सीएम केजरीवाल का घर का खाना बंद करना चाहती है।



दरअसल, केजरीवाल के वकील विवेक जैन ने ट्रायल कोर्ट में एक याचिका दाखिल कर केजरीवाल के डॉक्टर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मेडिकल कंसल्टेशन लेने की मांग की थी। उन्होंने तर्क दिया था कि केजरीवाल टाइप-2 डायबिटीज के मरीज हैं और उनका ब्लड शुगर लेवल ऊपर-नीचे होता रहता है।

इसके जवाब में ईडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट को बताया कि केजरीवाल तिहाड़ जेल में जानबूझकर मीठा खा रहे हैं, ताकि इससे उनका शुगर लेवल बढ़ जाए और उन्हें मेडिकल के आधार पर जमानत मिल जाए। केजरीवाल के घर से ऐसा ही खाना आ रहा है, जिसमें शुगर और कॉर्ब्स की मात्रा ज्यादा रहती है।

ईडी के वकील जोहेब हुसैन ने स्पेशल जज कावेरी बावेजा के सामने कहा कि केजरीवाल के खानपान से जुड़ी ये जानकारी तब पता चली, जब एजेंसी ने तिहाड़ जेल को लिखकर केजरीवाल के खाने और दवाओं के बारे में जानकारी मांगी।

हुसैन ने कहा, 'हमने डाइट चार्ट अदालत के सामने रख दिया गया है। इस चार्ट में आम और मिठाई थीं। केजरीवाल ने खासकर मिठाइयों का सेवन किया था, जिन्हें खाने की किसी भी डायबिटिक को अनुमति नहीं होती।

केजरीवाल के वकील विवेक जैन ने कहा कि ईडी के दावों पर हमें आपत्ति है। जांच एजेंसी सिर्फ मीडिया के लिए ये आरोप लगा रही है।

ईडी के जवाब के बाद केजरीवाल के वकील विवेक जैन ने कहा कि हम अपनी मौजूदा एप्लीकेशन वापस ले रहे हैं। इसे नए सिरे से दायर करेंगे।

### ईडी सरासर झूठ बोल रही है- आतिशी



दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा- अरविंद केजरीवाल रोज 54 यूनिट इंसुलिन लेते हैं। इतनी मात्रा में इंसुलिन वही व्यक्ति लेता है, जिसे सीवियर डायबिटीज होती है। डायबिटिक पेशेंट क्या खाएगा, क्या एक्सरसाइज करेगा, ये तय रहता है। इसी वजह से कोर्ट ने उन्हें घर के खाने की परमिशन दी। भाजपा का अनुषांगिक संगठन सीएम केजरीवाल का स्वास्थ्य बिगाड़ना और उनका घर का खाना रोकना चाहता है। श्वष्ठ का ये कहना कि केजरीवाल मीठी चाय पी रहे हैं, मिठाई खा रहे हैं, सरासर झूठ है।

### केजरीवाल को 3 से 17 अप्रैल तक ये नाश्ता, लंच और डिनर दिया गया-जेल प्रशासन

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को ओपन लेटर लिखा है। उन्होंने कहा है कि आपके मंत्रियों की अपनी गलती के लिए अधिकारियों को दोषी ठहराने की आदत हो गई है।

उपराज्यपाल सक्सेना का ये लेटर दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी की दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ को सस्पेंड करने की मांग पर सामने आया। दरअसल, सोमवार (15 अप्रैल) को उत्तर-पूर्वी दिल्ली के फर्श बाजार इलाके सार्वजनिक नल से पानी भरने के विवाद में नाबालिग लड़की ने महिला की चाकू मारकर हत्या कर दी थी।

### ईडी का बड़ा एक्शन, जमीन और मनरेगा घोटाले के आरोपियों की करोड़ों की संपति अटैच

**रांची।** ईडी ने रांची के जमीन घोटाले के आरोपियों के ठिकानों से 1.25 करोड़ रुपए नकद जब्त किए हैं। इसके अलावा आरोपियों के बैंक खातों में जमा 3.56 करोड़ की रकम को फ्रीज करा दिया गया है। यह जानकारी एजेंसी की ओर से आधिकारिक तौर पर दी गई है। ईडी ने झामुमो नेता अंतु तिर्की, जमीन कारोबारी प्रियरंजन सहाय, इरशाद अख्तर, बिपिन सिंह के ठिकानों पर मंगलवार को छापेमारी की थी। इसके बाद इन चारों को गिरफ्तार कर लिया गया था। एजेंसी ने झारखंड के मनरेगा घोटाले में भी दो आरोपियों शशि प्रकाश और जय किशोर चौधरी की 22.47 लाख रुपए की कीमत वाली चार अचल संपत्तियों को प्रोविजनल तौर पर अटैच किया है।

## हर चीज पर शक नहीं करना चाहिए, ईवीएम-वीवीपैट पर सुप्रीम कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनके जरिए डाले गए मतों का वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल के साथ पूर्ण मिलान की मांग वाली विभिन्न याचिकाओं पर अपना फैसला बृहस्पतिवार को सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिकाओं पर निर्वाचन आयोग का जवाब सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि हमें हर चीज के बारे में संदेह करने की जरूरत नहीं है।

गौरतलब है कि याचिकाकर्ताओं ने वीवीपैट मशीनों पर पारदर्शी कांच को अपारदर्शी कांच से बदलने के आयोग के 2017 के फैसले को उलटने की भी मांग की है, जिसके जरिए कोई मतदाता केवल सात सेकंड के लिए रोशनी चालू होने पर ही पर्ची देख सकता है। आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह ने बताया कि ईवीएम किस प्रकार काम करती है।

याचिकाकर्ताओं की ओर से वकील प्रशांत भूषण और वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन पेश हुए। उच्चतम न्यायालय ने 16 अप्रैल को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की आलोचना और मतपत्रों के जरिए चुनाव की लौटने की मांग की निंदा करते हुए कहा था कि भारत में चुनावी प्रक्रिया एक बहुत बड़ा काम है और व्यवस्था को खराब करने का प्रयास नहीं किया जाना चाहिए।

पीठ ने सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग से ईवीएम और वीवीपैट की वर्तमान व्यवस्था में उम्मीदवारों के प्रतिनिधि के शामिल होने, छेड़छाड़ रोकने सहित तमाम चुनावी प्रक्रियाओं और कार्यप्रणालियों से संबंधित तमाम आशंकाओं को दूर करने को कहा। याचिकाएं एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ष्ठक्र) और अन्य की ओर से दायर की गई थीं। उन याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान पीठ ने उप चुनाव आयुक्त नितेश व्यास से पूछा, आप हमें पूरी प्रक्रिया बताएं कि उम्मीदवारों के प्रतिनिधि कैसे शामिल होते हैं और छेड़छाड़ कैसे रोकी जाती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट की चुनावी प्रक्रिया और कार्यप्रणाली से संबंधित कोई भी आशंका नहीं रहनी चाहिए। पीठ ने कहा, हम चाहते हैं कि या तो आपको या किसी अन्य अधिकारी को अदालत कक्ष के अंदर या बाहर के लोगों की सभी आशंकाओं को दूर करना चाहिए... यह एक चुनावी प्रक्रिया है। इसमें पवित्रता होनी चाहिए। किसी को भी यह आशंका नहीं होनी चाहिए कि कुछ ऐसा किया जा रहा है, जिसकी अपेक्षा नहीं की जाती है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने आज सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए कहा कि हर चीज पर संदेह नहीं किया जा सकता।

## आईटीसीएम और आईटीआर मिसाइल का उड़ान परीक्षण सफल

### ओडिशा के चांदीपुर से हुई लॉन्चिंग, सुखोई से रखी गई नजर

**चांदीपुर (एजेंसी)।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल (आईटीसीएम) और एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया। इनकी लॉन्चिंग ओडिशा के तटीय क्षेत्र चांदीपुर से की गई। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी की गई विज्ञप्ति के अनुसार,



परीक्षण के दौरान सभी सिस्टम से अपेक्षा के अनुसार प्रदर्शन किया। मिसाइल की निगरानी के लिए आईटीआर ने पूरे उड़ान मार्ग को विभिन्न रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम, टेलीमेट्री और कई रेंज सेंसर से लैस कर दिया था। मिशन में भारतीय वायुसेना ने भी सहायत की। सुखोई एसू-30 एमके-1 से भी पूरे उड़ान की निगरानी की गई थी।

### डीआरडीओ ने विकसित की मिसाइल

बेहतर और अधिक विश्वसनीय प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए मिसाइल को उन्नत एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से लैस किया गया है। मिसाइल को बेंगलुरु स्थित डीआरडीओ प्रयोगशाला एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (एडीई) सहित अन्य प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के साथ संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईटीसीएम के सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्वदेशी प्रणोदन प्रणाली द्वारा संचालित स्वदेशी लंबी दूरी की सबसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षा डीआरडीओ के लिए एक मील का पत्थर है। वहीं, ओडिशा के सीएम नवीन पटनाक ने भी डीआरडीओ को बधाई दी है। रक्षा विभाग के आरएंडडी सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी कामत ने लॉन्चिंग की सफलता के लिए डीआरडीओ की पूरी टीम को बधाई दी है।

## 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची जारी: अजय बंगा, सत्या नडेला, आलिया भट्ट, साक्षी मलिक को मिली जगह

**मुंबई (एजेंसी)।** बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट, विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला, पहलवान साक्षी मलिक और भारतीय मूल के ब्रिटिश अभिनेता देव पटेल ने 2024 के लिए टाइम पत्रिका की '100 सबसे प्रभावशाली लोगों' की सूची में जगह बनाई है।

सूची में शामिल एक अन्य प्रमुख भारतीय नाम पहलवान साक्षी मलिक का है, जो भारत की एकमात्र महिला ओलंपिक पदक विजेता हैं, जिन्होंने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह द्वारा महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। साक्षी ने एक्स पर लिखा, 2024 का टाइम100 सूची में शामिल होने पर गर्व है। आलिया के पहले हॉलीवुड प्रोजेक्ट स्ट्रीमिंग फिल्म 'हार्ट ऑफ स्टोन' के निर्देशक टॉम हार्पर ने अभिनेत्री की प्रशंसा करते हुए उन्हें वास्तव में अंतर्राष्ट्रीय स्टार कहा। उन्होंने लिखा, अपनी प्रसिद्धि के बावजूद, आलिया सेट पर अत्यधिक विनम्र और मजाकिया हैं। उनके काम करने के तरीके में एक आकर्षण है = केंद्रित, आइडिया स्वीकार करने और रचनात्मक जोखिम लेने को तैयार। फिल्म में मेरे पसंदीदा क्षणों में से एक तब आया जब एक टेक के अंत में इंप्रोवाइजेशन किया गया। उसने भावनात्मक सूत्र को पकड़ा और उसके साथ हो लीं। आलिया का सुपरपावर प्रामाणिकता और संवेदनशीलता को फिल्म-स्टार चुंबकत्व के साथ मिलाने की उनकी क्षमता है। एक अभिनेत्री के रूप में, वह चमकदार हैं, और एक व्यक्ति के रूप में, वह जमीनी आश्वासन और रचनात्मकता लाती हैं जो वास्तव में एक अंतर्राष्ट्रीय स्टार बनाती है। आलिया टाइम मैगजीन की सूची में शामिल होने वाली एकमात्र बॉलीवुड अभिनेत्री हैं।

## मजदूरी पर भारी पड़ रहा शादी, गांव में कम हो गई मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों की संख्या

### पाटन ब्लॉक में ही सबसे ज्यादा मजदूरों को मिल रहा था काम

**बलराम यादव**

**पाटन (समय दर्शन)।** राम नवमी से शुरू हुआ शादी का मूहर्त अब ग्रामीणों की मजदूरी पर भारी पढ़ने लगी है। पाटन ब्लॉक में लगातार मजदूरों की संख्या मनरेगा में कम होने लगी है। ऐसा उम्मीद लगाया जा रहा है की जैसे ही शादी का सीजन समाप्त होगा तो फिर से मनरेगा के कार्य में तेजी आएगी। अभी वर्तमान में मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों शादी मनाने में लगे है।

इस वर्ष शादी का मूहर्त बहुत



कम है जिसके कारण अभी जो राम नवमी से लेकर अगले चार पांच दिन तक वैवाहिक मांगलिक कार्य के लिए शुभ मूहर्त है। ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादा शादी हो रही है। इसका असर गांव गांव में चल रहे मनरेगा के कार्यों पर भी देखने को मिल रही है। जानकारी के मुताबिक पिछले 16 अप्रैल से मनरेगा कार्य में जाने वाले मजदूरों की संख्या कम हो गई है। पाटन ब्लॉक के लगभग सभी गांवों में मनरेगा का कार्य शुरू हो गया है। दुर्ग जिला में पाटन ब्लॉक में ही सबसे ज्यादा मजदूरों को काम मिल रहा था। ग्रामीण क्षेत्र में राम नवमी को प्रमुख त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। इसके अलावा गांव में आज भी शादी में एक दो दिन पहले से जाने का सिलसिला चल ही रही है। अपने परिवार के शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जाते है। ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों का कहना है की काम काज तो जीवन भर लगा रहेगा। लेकिन तीज त्यौहार और परिवार में शादी का कार्यक्रम तो निश्चित समय पर ही होता है। जिसमे शामिल होना जरूरी भी होता है।

### इस तरह कम हो रही मजदूर

मिली जानकारी के मुताबिक पाटन ब्लॉक में अभी भी सबसे ज्यादा गांवों में काम चल रहा है। 16 अप्रैल को 97 ग्राम पंचायतों में काम शुरू हुआ। जिसमे 20918 मजदूरों को रोजगार का अवसर मिला। इसी तरह 17 अप्रैल को 89 ग्राम पंचायतों में 15073 मजदूर काम पर आए। वही 18 अप्रैल 84 ग्राम पंचायत में 13051 मजदूर काम पर पहुंचे। इस तरह से लगातार दो दिन मजदूरों की संख्या कम हुई है। बता दे की 17 अप्रैल को रामनवमी का पर्व था इसके बाद अब शादी का मुहूर्त शुरू हो गया। इस कारण मजदूरों की संख्या तेजी से कम हुआ है। सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली है की जल्द ही मजदूरों की संख्या बढ़ जाएगी।

### बारिश के कारण भी काम प्रभावित हुआ

मनरेगा का ज्यादातर कार्य तालाब सफाई और गहरीकरण के लिए शुरू हुआ है। अभी पिछले कुछ दिनों से पाटन ब्लॉक में पूरा जिला में सर्वाधिक बारिश हुई है। इस कारण भी तालाबों में पानी भर गया था। जिसके कारण कुछ कुछ जगहों पर काम बंद भी करना पड़ा था। तालाब सूखने के बाद फिर से काम शुरू होगा तो मजदूरों को संख्या बढ़ जाएगी।

आदिवासी सम्मेलन में शामिल हुए विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल

# आदिवासी समाज भारत माता के फूलमाला का सबसे सुंदर फूल -विधायक डॉ.सम्पत



**बसना( समय दर्शन )।** बसना में आयोजित आदिवासी समाज सम्मेलन में विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल एवं जिला प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्राही भाजपा पदाधिकारियों के साथ आदिवासी समाज के सम्मेलन में शामिल हुए।

आदिवासी समाज के प्रमुख पदाधिकारियों सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। सर्वप्रथम श्रीराम जी,शबरी माता जी एवं बुढादेव जी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी जगन्नाथ पाणीग्राही, विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने महासमुंद संसदीय क्षेत्र, बसना विधानसभा क्षेत्र की विकास तथा नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए लोकसभा चुनाव में भाजपा के कमल फूल छाप पर मतदान करने की अपील करते हुए मोदी सरकार की गारंटी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं और विष्णु देव साय सरकार की सुशासन को विस्तार से बताये। उन्होंने आगे कहा कि, भारत माता की फूलमाला में आदिवासी समाज सबसे खूबसूरत फूल की तरह है। आदिवासी समाज का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। आदिवासी समाज स्वभावत: सहनशील, सौम्य व सरल होता है। पर जब-जब देश एवं राज्य के लिये योगदान देने की बारी आई तो आदिवासी समाज प्रथम पंक्ति में खड़ा दिखाई दिया है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी महापुरूषों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। चाहे भगवान बिरसा मुंडा की बात की जाए या शहीद वीर नारायण सिंह की, उन्होंने अंग्रेजो के दांत खट्टे कर दिए थे। इसलिए केंद्र व प्रदेश सरकार आदिवासियों के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ना चाहती है। आज मोदी जी की गारंटी और विष्णु देव साय जी की सुशासन में छत्तीसगढ़ विकास की नई गाथा लिख रहा है। आने वाले समय में छत्तीसगढ़ एक मजबूत राज्य तथा हमारा भारत विश्वगुरू व अर्थव्यवस्था में शीर्ष स्थान हासिल करने में सफल होगा।प्रदेश के विष्णु देव साय सरकार के कार्यकाल में मोदी की गारंटी के तहत 18 लाख परिवारों को आवास योजना का लाभ, किसानों को 2 वर्ष का बकाया बोनस का भुगतान, महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख से अधिक मातृ-शक्तियों के खातों में एक एक हजार रुपए जमा कराए,कई पंचायतों के लिए करोड़ो रुपए का विकास कार्य की स्वीकृति इत्यादि जनहित कार्य किये जा रहें हैं। सम्मेलन में विधानसभा प्रभारी अमरजीत सिंह छाबड़ा, विधानसभा संयोजक डॉ.एनके अग्रवाल, रामचंद्र अग्रवाल, मण्डल अध्यक्षगण अनिल अग्रवाल, हरप्रसाद पटेल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष अखिलेश भोई, अजजा मोर्चा अध्यक्ष हेमंत ठाकुर,केंद्रीय सदस्य आदिवासी समाज परिमन कश्यप, छत्तीसगढ़ गोंडवाना समाज जिला अध्यक्ष दीपक जगत,मण्डल महामंत्री इंदल बरिहा, समाज प्रमुखगण कार्तिराम, शशीधर कश्यप, शनिराम सिदार, समाज अध्यक्षगण शोभाराम बरिहा, महामंत्री जनेक बरिहा, कांतु विशाल, जनपद सदस्यगण हेमलाल सिदार,श्याम सिदार,पूर्व जनपद सदस्यगण बाबूलाल सिदार, पीलासाय सिदार, पूर्व सरपंच बनमाली जगत, ईश्वर लाल ध्रुव, कृष्ण चंद्र बरिहा, नरहरी पोर्ते, प्रहलाद बुडेक, बाबुलाल कासी सहित बड़ी संख्या समाजजनों की उपस्थिति रही।

## बिलासपुर संसदीय चुनाव भाजपा की कमजोर होती राजनीति



**बिलासपुर( समय दर्शन )।** बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के चुनाव को कांग्रेस पूरी गंभीरता से ले रही है। पहले कन्हैया कुमार फिर सुप्रिया श्रीनेत्र की धमाकेदार प्रेसवार्ता इस बात का प्रमाण है। भारतीय जनता पार्टी ने इसके मुकाबले तीन महिला नेत्रों से रायपुर में जो प्रेसवार्ता कराई वह बेहद फीकी रही यह तीनों महिला नेत्रियां हाल ही में कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुई हैं और तीनों को उनके गृह जिले में भाजपा के नेता क्या स्थान नहीं दे रहे हैं।

कन्हैया कुमार ने कांग्रेस भवन में चुनाव के राष्ट्रीय मुद्दे बिलासपुर शहर के ऐतिहासिक मुद्दे पर लंबा वक्तव्य दिया और प्रश्नों का सामना भी किया। पत्रकारों के उन प्रश्नों में भाजपा के प्रायोजित प्रश्न भी शामिल हैं। आज कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया फिर से मीडिया के सामने थी, कांग्रेस पार्टी का घोषणा पत्र संयुक्त राष्ट्रीय संघ की इस रिपोर्ट की आज भारत की जनसंख्या 144 करोड़ हो गई है। को पूरी तरह नजर रखकर बना है। 0 से 14 वर्ष की जनसंख्या 14त्न, 10 से 19 वर्ष की जनसंख्या 17त्न, 10 से 24 वर्ष की जनसंख्या 24त्न, 10 से 64 वर्ष की आयु वर्ग का प्रतिशत 68त्न है। 65 प्लस की जनसंख्या 7त्न इस जनसंख्या के 80 करोड़ को मोदी की गारंटी 5 किलो अनाज है। दूसरी और कांग्रेस का घोषणा पत्र युवा वर्ग, महिला वर्ग, वरिष्ठ नागरिक सब के लिए अलग-अलग वचन देता है। यदि चुनिंदा उद्योगपतियों का करोड़ों लाखों कर्ज रिटर्न ऑफहो सकता है तो किसान की एमएसपी क्यों नहीं मानी जा सकती।

बिलासपुर चुनाव में चुनाव को ऐतिहासिक दृष्टि से देखें भाजपा संडयत्र पूर्वक किसी सांसद को जवाब देहीं के लिए मतदाता के सामने नहीं लाती बरसों बरस बीत गए। बिलासपुर संसद को दिल्ली में मंत्री पद नहीं मिला झुनझुने के रूप में जूदेव को जब राज्य मंत्री बनाया गया तो वे बिलासपुर से सांसद नहीं थे। जब बिलासपुर से सांसद बने तो केवल सांसद थे, यहां तक की चार बार लोकसभा जीतने वाले मोहले को कभी भाजपा ने मंत्री के लायक नहीं समझा वे आरक्षित सीट का प्रतिनिधित्व करते थे। केंद्र में मंत्री ना बन पाने की पीड़ा मोहले जी तुकबंदी में निजी स्तर पर व्यक्त करते हैं। इतना तो है कि केंद्र में किसी की सरकार बने बिलासपुर संसदीय सीट से सदन में क्षेत्र की बात रखने वाला सांसद बन जाए यही बहुत है। सीधा अर्थ है मतदाता प्रधानमंत्री कौन बनेगा की चिंता छोड़ और सदन में प्रश्न करने वाले प्रत्याशी को वोट करें।

## चीतल का शिकार मामले में वृद्ध मांस काटते धरा गया



**बसना ( समय दर्शन )।** बसपा विधानसभा के शरहद व पिथौरा क्षेत्र से लगे देवपुर वन परिक्षेत्र में मंगलवार दोपहर चीतल का शिकार का मामला सामने आया है। जिसमें वन विभाग के अधिकारियों ने चीतल का मांस व अन्य शिकार में प्रयोग औजार समेत एक व्यक्ति को मांस काटते हुये धर दबोचा है। बहरहाल, आरोपी को वन्य प्राणी अधिनियम के तहत 14 दिन के लिये जेल में दाखिल किया है। मिली जानकारी के अनुसार मुख्य वनसंरक्षक रायपुर वृत्त, रायपुर राजू अगासिमनी के मार्गदर्शन, वनमण्डलाधिकारी, मयंक अग्रवाल के निर्देशन एवं उप वनमण्डलाधिकारी अक्षय दिनकर भोसले के नेतृत्व में वनों में अवैध शिकार करने वालों पर लगाम कसने हेतु वनों में सतत् गश्त किया जा रहा है। इसी तारतम्य में वन परिक्षेत्र देवपुर अन्तर्गत धमलपुरा बीट के कक्ष क्रमांक 292 के मुंशी तालाब में मंगलवार को अपरान्ह 4 बजे गश्त के दौरान वन्यप्राणी चीतल का मांस काटते हुए आरोपी समारू बिसी वल्द उसत बिसी जाति संवरा 69 वर्ष निवासी को ग्राम धमलपुरा को रंगे हाथों पकड़ा गया। सर्च वारंट जारी कर उक्त आरोपी के निवास पर स्निफर डॉग की विशेष दल द्वारा तलाशी लेने पर 1 नग साही पोटा बरामद किया गया। आरोपी के विरूद्ध वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 2, 9, 39, 50, 51 के तहत वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया।

## 100 से अधिक लोगों ने एक साथ किया योग, शत-प्रतिशत मतदान का लिया संकल्प

### कलेक्टर ने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान करने के लिए दिलाई शपथ

**मुंगेली ( समय दर्शन )।** आयुष विभाग द्वारा जिला कलेक्टोरेट परिसर में एक दिवसीय जिला स्तरीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, कपालभाति सहित योग की विभिन्न विधाओं, आसन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने एक साथ योग कर स्वस्थ तन एवं मन के साथ शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि 07 मई को लोग अपने घरों से निकलें और ''शत-प्रतिशत मतदान, मुंगेली जिले का अभिमान'' के इस मुहिम को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता के सभी कार्यक्रमों में लोग पूरे उत्साह के साथ बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं और हमारे शत-प्रतिशत मतदान का यह संकल्प जन-जन तक पहुंच रहा हैं। उन्होंने शिविर में उपस्थित लोगों को बिना किसी प्रलोभन के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान करने के लिए शपथ दिलाई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजाशंकर जायसवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्वीप अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

## ई.व्ही.एम एवं वीवीपैट मशीनों की कमीशनिंग कार्य का दिया गया प्रशिक्षण

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कमीशनिंग कार्य के संबंध में मास्टर ट्रेनर एवं सेक्टर अधिकारियों को आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ रीता यादव,उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार गोलछा भी मौजूद थे।




इस दौरान प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर एवं सेक्टर ऑफिसर को मतदान प्रक्रिया के लिए कमीशनिंग की आवश्यकता के साथ ही ईवीएम और वीवीपैट मशीन को तैयार करने की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही अधिकारियों को उनके दायित्व और जिम्मेदारियों के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण में उनके द्वारा बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपेट के संचालन करने के साथ ही प्रत्येक मशीनों को एक दूसरे से केबल कनेक्शनों से कनेक्ट करना, एड्रेस टैग लगाना, पिंक पेपर सील करना, पेपर रोल, मतदान पत्र लगाना, लॉक करना, सील करना, मॉक पोल, विभिन्न प्रपत्रों सहित अन्य गतिविधियों से विस्तार से अवगत कराया गया।कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सभी अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि नहीं होनी चाहिए, पहले से ही पूर्व तैयारी रखें। निर्वाचन कार्य की जिम्मेदारी सावधानीपूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों से कहा कि मतदान केन्द्रों का पुन: अवलोकन कर लें और सारी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी रखें।

उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों ने अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का अवलोकन नहीं किया है, वे शीघ्र अवलोकन कर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य के सुचारू संचालन के लिए ज्यादा से ज्यादा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी होनी चाहिए।

प्रशिक्षण में सभी सेक्टर ऑफिसर्स को ईवीएम और वीवीपैट के तकनीकी पक्षों के बारे में प्रेजेंटेशन के माध्यम से पूरी जानकारी दी गई। इसकी प्रशासनिक प्रक्रिया, प्रोटोकॉल के बारे में बताया गया। इसके साथ ही मतदान दलों को भी इस संबंध में अद्यतन रखने कहा गया। बैठक में बताया गया कि मॉक पोल आदि की प्रक्रियाओं के बारे में पूरी जानकारी रखें। सेक्टर ऑफिसर्स को पूरी तरह तकनीकी रूप से दक्ष होना चाहिए। ईवीएम एवं वीवीपैट, बैलेट यूनिट, बैलेट पेपर के तकनीकी को बारीकी से समझाया गया। जिससे मतदान करते समय किसी प्रकार की समस्या न हो।इस दौरान मास्टर ट्रेनर्स बंटी राय, छन्नूलाल तारक और गौतम कुर्रे सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

सेक्टर व बूथ प्रभारियों से चर्चा कर दिया मार्गदर्शन

# प्रियंका की सभा से कांग्रेस की जीत की होगी आगाज -दीपक बैज



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** लोकसभा चुनाव की स्टार प्रचारक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी जी का राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के मोहड़ डोंगरगांव में 21 अप्रैल को दोपहर 2 बजे सभा होनी है उसकी तैयारीयों का जायजा लेने छ ग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज स्थल पहुंचकर आवश्यक दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान किए हैं मोहड में प्रियंका गांधी की सभा को विशाल ऐतिहासिक बनाने कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पूरे लगन से जुटे हुए हैं।

उनके उत्साहवर्धन एवं कार्यक्रम की तैयारी का अवलोकन कर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज जी तैयारीयों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि निश्चित रूप से प्रियंका जी की यह सभा भी ऐतिहासिक होगी और राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस की जीत सुनिश्चित होने के साथ-साथ देश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। इस दिशा में एक सुखद संदेश जाएगा क्योंकि जिस प्रकार से केन्द्र की महंगाई बेरोजगारी से आम जनता का जीवन दूभर हो गया है और संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग भी भाजपा के सरकार ने जिस प्रकार से किया उससे संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर भी प्रश्न चिन्ह लग गया है इसके लिए हमें देश में स्वस्थ एवं सुशासित सरकार लाने के लिए कांग्रेस के पक्ष में कर्मठता से कार्य कर अपने प्रत्याशी सहित कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करना है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज को जैसे ही जानकारी लगी कि अभी बूथ सेक्टर प्रभारीयों की भी बैठक है तो उन्होंने बूथ एवं सेक्टर प्रभारी से रूबरू होने उनके बीच पहुंचकर उनके साथ जमीन में बैठकर आत्मीय चर्चा करते हुए चुनावी रणनीति के संबंध में रायसुमारी कर कांग्रेस की जीत राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में सुनिश्चित नजर आने पर उन्होंने बूथ एवं सेक्टर प्रभारियों को मजबूत कार्य करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को अपने बीच पाकर कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उत्साहित नजर आए अंत मे प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज जी ने सभी अपील भी की 21 तारीख की सभा को ऐतिहासिक बनाकर भाजपा की हार सुनिश्चित है का संदेश देने की जवाबदारी हमारी है। इस अवसर पर विधायक दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई, जिला अध्यक्ष भागवत साहू,आलोक चंद्राकर,प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे, वीरेंद्र बोरकर,ब्लॉक अध्यक्ष चेतन साहू, रामछत्री चंद्रवंशी, संजय मुटकुरे,रवि शुक्ला, मोहन अय्यर, संध्या साहू, श्रुति शुक्ला, शेषनाथ सहित बडी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सामान्य प्रेक्षक अग्रवाल ने मतदान केन्द्र का किया निरीक्षण



**महासमुंद ( समय दर्शन )।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए संसदीय क्षेत्र 9 महासमुंद के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल अग्रवाल ने आज महासमुंद स्थित मतदान केन्द्र शासकीय प्राथमिक शाला गुड़रूपारा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्र पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए बुनियादी सुविधाएं जैसे रैंप, बिजली, पानी, छाया, शौचालय, पर्याप्त एवं उपयुक्त फर्नीचर, भवन की स्थिति आदि का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सामान्य प्रेक्षक अनिल कुमार अग्रवाल ने महासमुंद के वार्ड क्रमांक 13 में शंकर भोई के यहां जाकर होम वोटिंग का जायजा भी लिया। इस दौरान उन्होंने मतदान दल अधिकारियों से चर्चा करते हुए पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम उमेश साहू एवं लाइजनिंग अधिकारी खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू उपस्थित थे।

### आबकारी अमला ने जप्त किया 40 लीटर महुआ शराब



**धमतरी ( समय दर्शन )।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर आबकारी अमला द्वारा नगरी के ग्राम फुटहामुडा जंगल में कार्यवाही करते हुए 40 लीटर महुआ शराब जप्त एवं लगभग 1000 किलो महुआ लाहन जप्त कर नष्ट किया गया। जिला आबकारी अधिकारी श्री प्रभाकर शर्मा ने बताया कि अज्ञात आरोपी के खिलाफ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 34(1) च के तहत कार्यवाही की गयी। इस अवसर पर आबकारी उप निरीक्षक निशांत साधु, अजय मारकण्डे,आबकारी प्रधान आरक्षक अनिल सिंह, आबकारी आरक्षक मुरली सोनी , राजेश यादव इत्यादि उपस्थित रहे।

### दीप प्रज्वलित कर लिए मतदाता जागरूकता




**गरियाबंद( समय दर्शन )।** मतदाता जागरूकता के लिए जिले में एक से बढ़कर एक कार्यक्रम किए जा रहे हैं। मतदान दिवस को लोकतंत्र के महापर्व के रूप में मनाया जा रहा है। नामांकन के समय से शुरू हुई इस महा उत्सव की प्रक्रिया लगातार जारी है।और आज इसी कड़ी में राम नवमी के अवसर पर नगर के हृदय स्थल तिरंगा चौक पर सैकड़ो दीप प्रज्वलित कर 26 तारिक को होने वाले लोकसभा चुनाव मतदान के लिये नगर पालिका द्वारा मतदाताओं और आमजन को मतदान की शपथ दिलाई। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया।नपा सीएमओ संध्या वर्मा ने कहा कि 26 अप्रैल को ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान करे तथा लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि महिलाएं अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर पूरे देश में जिले का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में नपा अधिकारी कर्मचारियों ने दीपों से विभिन्न आकृतियों के माध्यम से मतदान का संदेश दिया।कार्यक्रम ये रहे उपस्थित मुख्य नगरपालिका अधिकारी संध्या वर्मा , उप अभियंता केसनाथ साहू कैशियर सपना मिश्रा इंजीनियर-अश्विनी वर्मा, धरम वर्मा, सुरेंद्र लोधी, अजय ध्रुव, भुपेन्द्र कश्यप, पियूष साहू एवं समस्त नगर पालिका के कर्मचारियों की उपस्थिति में हुआ।

### राजनीतिक दलों की मौजूदगी में प्रथम पूरक रेंडमाईजेशन हुआ संपन्न

**गरियाबंद समय दर्शन )।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में बैलेट यूनिट का पहला पूरक रेंडमाइजेशन किया गया। इस दौरान कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र महासमुंद में 17 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे है। इसलिए सभी मतदान केंद्रों में 2-2 बैलेट यूनिट लगाई जाएंगी। इसी तारतम्य में अतिरिक्त आवश्यकता के बैलेट यूनिट का कंप्यूटरीकृत प्रणाली से विधानसभावार प्रथम पूरक रेंडमाइजेशन किया गया।इसके तहत राजिम विधानसभा के 331 और बिंद्रानवागढ़ के 361 कुल 692 मशीनों का रेंडमाइजेशन किया गया। इस दौरान विधानसभावार चयनित मशीनों की जानकारी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी गई। रेंडमाइजेशन पश्चात राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मशीनों को तहसील कार्यालय से मंडी परिसर के स्ट्रांग रूम में शिफ्ट कर सीलिंग किया गया। रेंडमाइजेशन के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश गोलछा,जिला पंचायत सीईओ रीता यादव,सहायक रिटर्निंग अधिकारी अर्पिता पाठक, हितेश पिस्दा सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

# मौसम साफ़ होने के बाद बढ़ी गर्मी तापमान पहुंचा 43 डिग्री

**रायपुर( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ में इन दिनों मौसम साफ हो गया है। सुबह से ही तेज धूप निकली है। तापमान में भी बढ़ोतरी हुई है। इस बीच एक बार फिर भीषण गर्मी पड़ रही है। लोग तेज धूप और गर्मी से परेशान हो गए हैं। प्रदेश में तापमान 43 डिग्री तक पहुंच चुका है। सबसे गर्म तिल्दा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस बढ़ने की संभावना है। इसके बाद तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि एक द्रोणिका पूर्वी बिहार और उसके आसपास स्थित चक्रवर्ती परिसंचरण से झारखंड और ओडिशा होते हुए दक्षिण छत्तीसगढ़ तक औसत समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर पर स्थित है। द्रोणिका के प्रभाव से दक्षिण छत्तीसगढ़ में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। साथ ही अन्य जगहों पर



तेज धूप और भीषण गर्मी पड़ सकती है। गर्म हवाओं के चलने से तापमान में वृद्धि हो रही है। आगामी दिनों में भीषण गर्मी पड़ सकती है। हालांकि अभी 2 से 3 डिग्री ही तापमान में बढ़ोतरी होगी। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तिल्दा में दर्ज किया गया है। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस नारायणपुर में दर्ज किया गया है। राजधानी रायपुर में सुबह से ही धूप खिली हुई है। यहां अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री सेल्सियस किया गया है। न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहा।

## सार समाचार

### भीषण गर्मी-चटख धूप से चढ़ा पारा

**रायपुर( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर सहित राज्य के अन्य जिलों में बारिश के बाद अचानक मौसम गर्म होने से अब लोगों का जीना मुहाल हो गया है। भयंकर गर्मी और चटख धूप के बीच पारा अचानक ऊपर चला गया है। वहीं मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में बारिश होने की संभावना जताई है। बात करें राजधानी रायपुर की तो रायपुर में मौसम सामान्य है और लोगों को सुबह हल्की ठंड के बाद भीषण गर्मी का एहसास लोगों को हो रहा हैं। मौसम विभाग ने राजधानी रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बलौदाबाजार, भिलाई, बलरामपुर, बस्तर, जगदलपुर, भाटापारा, बिलासपुर, मुंगेली, सूरजपुर, दंतेवाड़ा समेत अन्य कई जिलों में बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी तूफ़ान के साथ बारिश होगी। वहीं लगातार हो रही बारिश के चलते लोगों को गर्मी से राहत मिली है और तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

### युवक से मारपीट

**रायपुर( समय दर्शन )।** संगम चौक खम्हारडीह में पैसे के लेन-देन को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर कांच के टुकड़ा से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी टिकेश्वर निषाद 19 वर्ष खम्हारडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी संगम चौक के तरफ गया था, तभी आरोपी चेतन मानिकपुरी ने पैसे के लेन-देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दो सटोरिए चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर( समय दर्शन )।** गुढ़ियारी पुलिस ने कलिंग नगर में सट्टा खिलाते दो युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 2 नग मोबाइल, सट्टा-पट्टी और नकदी 14150 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गुढ़ियारी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कलिंग नगर में दबिश देकर आरोपी मोहम्मद वसीर 46 वर्ष व सैयद सलमान 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 2 नग मोबाइल, सट्टा-पट्टी और नकदी 14150 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## नक्सलियों के खिलाफ मिली एतिहासिक सफलता : सीएम विष्णु देव साय

**रायपुर( समय दर्शन )।** कांकेर में सुरक्षा बलों और नक्सली मुठभेढ़ में मिली सफलता तथा पूर्व सीएम के बयान पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का बयान सामने आया है। सीएम श्री साय ने कहा कि ये बहुत बड़ी उपलब्धि है। कांकेर के जंगल में जवानों और नक्सलियों के बीच में मुठभेड़ हुई। यह ऐतिहासिक सफ्लता है, अब तक की सबसे बड़ी सफ्लता है। जवानों को बधाई देता हूं, छत्तीसगढ़ के इतिहास में सबसे बड़ी सफ्लता है। सीएम ने कहा कि माओवादी लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य में थे। इस बार बड़ी वारदात की कोशिश में थे, जिसे जवानों ने नाकाम कर दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का लक्ष्य है कि बस्तर नक्सल मुक्त हो। नक्सलियों से वार्ता को लेकर सीएम विष्णुदेव साय का बड़ा बयान सामने आया है। सीएम ने कहा कि बार बार हमारे गृह मंत्री बोल चुके हैं। वीडियो कांफ्रेंसिंग से चर्चा कर सकते हैं, सीएम होने के नाते मैं भी कहना चाहता हूं शांति वार्ता के लिए हम तैयार हैं। उनके साथ भी न्याय किया जाएगा। वहीं कवर्धा में दिए पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बयान पर सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि हर चीज में प्रश्न चिन्ह खड़ा करना ठीक बात नहीं है। सर्जिकल



स्ट्राइक को काल्पनिक कहा था। यह घटना तो उनके ही प्रदेश की है, कैसे उस पर सवाल उठा सकते हैं। यह घटना अगर फर्जी है तो प्रमाणित करें, सबूत दें। बता दें कि पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कवर्धा में नक्सलियों को लेकर बड़ा बयान दिया था। पूर्व सीएम ने कहा था कि भाजपा सरकार में फर्जी एनकाउंटर होते रहे हैं। छत्तीसगढ़ के आदिवासियों को डरा धमका कर गिरफ्तार किया जा रहा है। पिछले 4 महीने से डरा धमका कर गिरफ्तार किया जा रहा है। कवर्धा जिले में भी डराया धमकाया जा रहा हैं। प्रेस वार्ता में नक्सली मुठभेड़ को लेकर भूपेश बघेल से सवाल किया गया था।

# सूने मकानों से पंप व केबल चोरी करने वाले तीन युवक पकड़ाये

**रायपुर( समय दर्शन )।** शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने लोगों के घरों से टुल्लू पंप,एसी केबल सहित अन्य सामान चोरी करने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार है तथा उनके पास से चोरी का सामान बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार विनायक सिटी भाटा गांव निवासी जय प्रकाश प्रधान पिता त्रिलोक प्रधान उम्र 50 साल ने 4 जनवरी 2024 को थाने में शिकायत दर्ज कराई गई कि दिनांक 3.1.2024 की 23:00 बजे से दिनांक 04 .01.2024 के 7:30 बजे के मध्य उसके मकान में लगे ऐसी केबल ,मोटर पंप केबल



वायर को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। मामले की जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि इसके पहले भास्कर चंद्राकर के मकान ए - 182 में भी लगे केवल वायर व अन्य सामान तथा मनीष चंद्राकर के मकान नंबर ए -181 में भी एक केवल मोटर पंप का केवल वायर भी चोरी हुई है। जिस पर प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध 457 380 भादवि का प्रकरण पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान दिनांक 17 अप्रेल को मुखबीर के माध्यम से सूचना मिली कि भाटा गांव चौक में दो लड़के मोटर पंप बेचने के फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस की टीम ने माकै पर पहुंचकर संदेहियों की तलाश की जा रही थी इसी दौरान पुलिस को आता देखकर दोनों युवक भागने लगे जिन्हें पुलिस की टीम ने पकड़ लिया तथा नाम पूछने पर गौरव कुर्वे चांगोरा भाटा का रहने वाला बताया।

## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किया राम भजन गीत का पोस्टर विमोचन, कृष्णा म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है यह भजन

**रायपुर ( समय दर्शन )।** मंगलवार को छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राम भजन गीत के पोस्टर का विमोचन किया। इस गीत का शीर्षक है 卐राम आ गए हैं त्रेता युग आ गया है गीत की रचना लुकेश ठाकुर ने की है। मूलत: धमतरी के रहने वाले लुकेश ठाकुर ने इस राम भजन को लिखा भी है और इसमें अपनी आवाज भी दी है। एक दिन पूर्व रिलीज हुए इस गीत को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। आज अपने निवास में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस गीत के पोस्टर का विमोचन किया और यूट्यूब पर गीत को प्ले करके देखा भी, गीत देखने के बाद उप मुख्यमंत्री ने गीत की तारीफ की और गायक लोकेश ठाकुर को बधाई दी। बता दें की




गीत राम आ गए हैं त्रेता युग आ गया है की शूटिंग महादेव घाट रायपुर में की गई है।पोस्टर विमोचन समारोह में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, गायक लोकेश ठाकुर, गजानंद साहू, विजय मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद रहे। बता दें कि कृष्णा म्यूजिक की शुरुआत इसी राम भजन से की गई है। कृष्णा म्यूजिक की प्रोड्यूसर ज्योति ठाकुर हैं। राम आ गए हैं त्रेता युग आ गया है राम भजन में मुख्य भूमिका में छत्तीसगढ़ की जानी-मानी अभिनेत्री पायल साहू ने अभिनय किया है। इस गीत का म्यूजिक अरेंज रोहित सिन्हा मुंबई ने किया है। इस गीत को आप कृष्णा म्यूजिक के यूट्यूब चैनल या फिर गाने का शीर्षक राम आ गए हैं त्रेता युग आ गया है卐 सर्च करके भी देख सकते हैं।

## एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने इंटरऑपरेबल ईको-फ्रेंडली NCMC इनेबल्ड डेबिट और प्रि-पेड कार्ड लॉन्च किए

**नईदिल्ली।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने आज अपने ईको-फ्रेंडली NCMC (नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड्स) इनेबल्ड डेबिट और प्रि-पेड कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की। RuPay द्वारा पॉवर्ड ये इंटरऑपरेबल कार्ड लॉन्च करने के लिए बैंक ने नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) के साथ साझेदारी की है। ये कार्ड भारत के वन नेशन, वन कार्ड के उद्देश्य की ओर बैंक की प्रतिबद्धता के अंतर्गत लॉन्च किए गए हैं। बैंक ने अपने बचत खाते के ग्राहकों के लिए NCMC इनेबल्ड डेबिट कार्ड और वॉलेट के ग्राहकों के लिए NCMC इनेबल्ड प्रि-पेड कार्ड पेश किए हैं। ये दोनों कार्ड पर्यावरण-अनुकूल ई-पीवीसी सामग्री से बनाए जा रहे हैं, जोअपनी पर्यावरणीय स्थिरता के लिए प्रमाणित है। ग्राहक देश में सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों, ऑनलाईन (ई-कॉमर्स) और मेट्रो, बस, पार्किंग आदि के लिए ऑफ्लाईन NCMC ट्रांज़िट विनिमय में सुरक्षित और कॉन्टैक्टलेस पेमेंट करने के लिए इनमें से किसी भी कार्ड का उपयोग कर सकते हैं। मेट्रो स्टेशनों पर, यात्रियों को कतार में लगने और टिकट खरीदने की परेशानी के बिना गेट पर टैप करके भुगतान करना होगा। इन कार्ड्स पर परिवहन ऑपरेटर द्वारा दी जाने वाली रियायत और मासिक पास भी मिल सकेंगे, इसलिए विभिन्न परिवहन ऑपरेटर्स के लिए अलग-अलग कार्ड संभालने की दिक्कत भी दूर हो जाएगी।

## रामनवमी में पक्षियों के लिए नेकी कर संस्था ने बांटे सकोरे व दाने



## नेशनल स्टॉक एक्सचेंज 24 अप्रैल 2024 से निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स पर डेरिवेटिव लॉन्च करेगा

**नईदिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई), जो वर्ष 2023 में कारोबार किए गए अनुबंधों के आधार पर दुनिया का नंबर 1 डेरिवेटिव एक्सचेंज है, को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स पर डेरिवेटिव के लिए मंजूरी मिल गई है। इन अनुबंधों को 24 अप्रैल, 2024 से लॉन्च किया जाएगा। एक्सचेंज 3 सिलसिलेवार मासिक सूचकांक वायदा और सूचकांक विकल्प अनुबंध चक्र की पेशकश करेगा। कैश सैटल्ड डेरिवेटिव कॉन्ट्रेक्ट समाप्ति माह के अंतिम शुक्रवार को समाप्त हो जाएंगे। निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स निफ्टी 50 कंपनियों को छोड़कर निफ्टी 100 से 50 कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है। मार्च 2024 तक, सूचकांक में वित्तीय सेवा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व 23.76 प्रतिशत के साथ शीर्ष क्षेत्र में था, इसके बाद 11.91 प्रतिशत के साथ पूंजीगत सामान क्षेत्र और 11.57 प्रतिशत के साथ उपभोक्ता सेवाओं का नंबर आता है। सूचकांक 1 जनवरी, 1997 को पेश किया गया था, जिसकी आधार तिथि और आधार मूल्य क्रमश: 03 नवंबर, 1996 और 1000 था। पिछले कुछ वर्षों में, सूचकांक पद्धति में संशोधन हुआ है। सूचकांक गणना पद्धति को 4 मई 2009 से फ्री फ्लोट मार्केट कैपिटलाइज़ेशन भारित पद्धति में संशोधित किया गया था।

## बांगुर सीमेंट ने नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए लॉन्च किया नया मल्टीमीडिया कैंपेन

**गुरूग्राम :** बांगुर सीमेंट ने देश भर के नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए नए मल्टीमीडिया कैंपेन का अनावरण किया है। यह कैंपेन 'वोट सोलिड, देश सोलिड' देश को सोलिड यानि मजबूत बनाने के लिए हर व्यक्ति के मतदान के महत्व पर रोशनी डालता है। यह कैंपेन आधुनिक है क्योंकि यह ब्राण्ड के पिछले बेहद लोकप्रिय कैंपेन का सीक्वल है, जिसे बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल के साथ फिल्माया गया था। यह कैंपेन 'वोट सोलिड, देश सोलिड' का संदेश देता है। जिस तरह बांगुर सीमेंट सोलिड घर बनाने में मदद करता है, ठीक उसी तरह आप अपने मतदान के अधिकार का उपयोग कर देश को सोलिड बनाने में योगदान दे सकते हैं। इसके अलावा ब्राण्ड, अपनी वेबसाईट votekavachan.bangurcement.com पर 'वोट का वचन' के माध्यम से लोगों को मतदान की शपथ लेने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। बांगुर सीमेंट ने मतदान की हर शपथ के लिए 1 किलोग्राम सीमेंट दान में देने की शपथ ली है, जिसका उपयोग समाज कल्याण कार्यों में किया जाएगा। बांगुर सीमेंट इस प्रयोजन के लिए एनजीओ एवं स्वयं सहायता समूहों के साथ साझेदारी कर रहा है। कैंपेन के बारे में बात करते हुए श्री नीरज अखोरी, मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री सीमेंट ने कहा, ''बांगुर सीमेंट का 'वोट सोलिड देश सोलिड' कैंपेन और 'वोट का वचन' शपथ, हमारे ब्राण्ड्स, प्रोडक्ट्स एवं नेटवर्क के माध्यम से समावेशी विकास के साथ प्रगतिशील देश के निर्माण के लिए हमारी सतत प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।''

# ई रिक्शा में घूम-घूमकर मोबाईल लूटने वाले एक नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार

**रायपुर( समय दर्शन )।** राजधानी रायपुर में ई रिक्शा में घुम घुमकर मोबाईल फोन लूट/चोरी करने वाले गिरोह को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से 4 नग मोबाईल फोन बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार देवेन्द्र कुमार साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह दिनांक 16 अप्रेल के शाम करीबन 7 से साढ़े सात.बजे के मध्य अपने भांजे सुनील कुमार साहू के साथ काली मंदिर सिविल लाईन में पूजा करने आया था। पूजा करने के पश्चात नीचे आकर अपने मोबाइल फोन से बात कर रहा था तभी ई रिक्शा में सवार अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा इसके मोबाइल फोन को झपट्टा मारकर लूट कर फरार हो गये। घटना के कुछ देर बाद इसे पता चला कि उसी स्थान में शशिप्रकाश साहू नामक व्यक्ति के साथ भी इस प्रकार की घटना हुई है। जिस पर प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना सिविल लाईन में धारा 392 भादवि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी सिविल लाईन के नेतृत्व में थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से



विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस.पास लगे सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु मुखबीर भी लगाये गये इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा अनिकेत बेहरा पिता करन बेहरा उम्र 19 साल पता एसबीआई एटीएम के पास कालीबाड़ी ढाल के नीचे कोतवाली थाना, मन हरपाल पिता मंगल हरपाल उम्र 19 साल पता नेहरू नगर, थाना कोतवाली एवं एक नाबालिग बालक को घटना में प्रयुक्त वाहन ई रिक्शा क्रमांक सीजी 04 पी.एफ 5986 के साथ पकड़ा गया। घटना के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा लूट की घटना को अंजाम देना स्वीकार कर शहर के विभिन्न स्थानों से अपने अन्य साथी विक्की बेहरा के साथ ई रिक्शा वाहन मे घुम घुमकर भीड़- भाड़ वाले अलग-अलग स्थानों से कुल 4 नग मोबाईल फोन लूट/चोरी करना बताया गया। जिस पर आरोपीयों के कब्जे से 4 नग मोबाइल फ ोन कीमत करीबन 40,000 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही किया गया है। वहीं एक आरोपी विक्की बेहरा घटना के बाद से लगातार फरार है जिसकी पता साजी की जा रही है।

## संपादकीय...

**हम भारतीयों को यह गौरव प्राप्त हुआ है कि भगवान श्रीराम ने भारत में ही अवतार लिया और उनके कारण ही भारत देश विश्व में एक ऐसा आदर्श प्रस्तुत कर रहा है जो भावी असंख्य पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणास्रोत और श्रद्धापुंज बना रहेगा। जब से भगवान श्रीरामचंद्र जी का मंदिर श्री अयोध्या में जी में बनकर तैयार हो गया, हमारे सांस्कृतिक और राष्ट्रीय गौरव की पुनः प्रतिष्ठा हो गई, उसी समय से यह प्रश्न हर राम भक्त के सामने है कि राम जी का मंदिर बना लेना ही पर्याप्त है या राममय जीवन, राममय राष्ट्र, राममय सामाजिक सांस्कृतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना भी क्यों न हो?**

# राम राज्य के बिना रामनवमी कैसी?

उसके लिए गोस्वामी तुलसीदास जी ने राम राज्य का जो वर्णन किया, वैसा राम राज्य हमारे देश में और इसके साथ ही विश्व भर में स्थापित होना ही चाहिए, पर याद यह भी रखना होगा कि मदिरालय, वेश्यालय, बूचडख़ाने और जुए के अड्डे जब तक देश में रहेंगे, राम राज्य कैसे आएगा। यह तो कलियुग के निवास स्थान हैं। याद रखना होगा मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम सत्य, न्याय एवं सद्चरित्र के प्रतीक हैं। युगों-युगों से भारतवासी इस दिवस को गौरव से मनाते आ रहे हैं। कोई किसी भी धर्म, संप्रदाय में आस्था रखने वाला हो, पर श्रीराम जी को जीवन में आदर्श के रूप में स्वीकार करता है। वे आदर्श राजा हैं, आदर्श पुत्र, आदर्श भाई एवं आदर्श पति भी हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्रीरामचरितमानस में भगवान श्रीराम के इस धरती पर मानव अवतार में प्रकट



होने के संबंध में भी लिखा है : 'जब जब होहि धर्म की हानि, बाढ़हिं असुर महा अभिमानी, तब-तब धरि प्रभु मनुज शरीरा, हरहिं सकल सज्जन भव पीरा।' इसके साथ ही भगवान राम के इस संसार में अवतरण का उद्देश्य और कारण बताते हुए भी तुलसीदास जी ने कहा है- 'विप्र धेनु सुर संत हित लीन मनुज अवतार।' आज जब हर नगर, प्रदेश और देश से प्रतिदिन महिलाओं के अपमान और उनके साथ बलात्कार की घटनाएं सुनने, देखने को मिलती हैं, ऐसे समय में भगवान श्रीराम के वे शब्द जो बाली को तीर मारने के बाद बाली के प्रश्न का उत्तर देते हुए कहे थे, समाज के लिए ज्योतिपुंज और मार्गदर्शक हैं।

राम जी के बाण से घायल बाली ने श्रीराम से यह प्रश्न किया : 'मैं वैरी सुग्रीम पियारा, कारण कवन नाथ मोहि मारा।' उसी समय भगवान श्रीराम जी ने उत्तर दिया : 'अनुज वधु, भगिनि सुत नारी, सुन सठ कन्या सम ए चारि, इनहिं कुदृष्टि विलोकहि जोई, ताहि वधे कछु पाप न होई।' यह वाक्य आज के युग की विषमताओं का समाधान देने वाला है। भगवान रामजी का सारा ही जीवन अधर्म और अत्याचार से संघर्ष करते हुए जन-जन के लिए कल्याणकारी, श्रेष्ठ राज्य की स्थापना करने में लगा। जिस समय रामचंद्र जी का राज्याभिषेक करने की तैयारियां हो रही थीं, उसी समय उन्हें यह पता चल गया कि उनके पिता ने तो उन्हें 14 वर्ष का वनवास दिया है। मां कौशल्या से भी उन्होंने यही कहा : 'पिता दीन मोहि कानन राज्य।' पिता की आज्ञा का पालन कर श्रीरामचंद्र जी पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण सहित जंगल के लिए चल पड़े।

उनका तो जन्म ही अत्याचारियों और राक्षसों को समाप्त करने के लिए हुआ था। वे राजा बनकर अयोध्या में कैसे रुक जाते। यह निश्चित ही उनकी अपनी लीला थी। वनवास काल में जब उन्होंने रावण और अन्य राक्षसों द्वारा मारे गए निर्दोष ऋषि-मुनियों और नागरिकों की अस्थियों के बड़े-बड़े ढेर देखे तो एक आदर्श महामानव और शासक की तरह यह संकल्प लिया : 'निश्चिर हीन करहूं मही, भुज उठाई प्रण कीन, सकल मुनिन्ह के आश्रमहीं जाई जाई सुख दीन।' जो संकल्प भगवान राम ने लिया उसे एक आदर्श प्रजापालक राजा की तरह अधर्म के प्रतीक राक्षसों के साम्राज्य का नाश करके पूरा किया।

## आरक्षण पर स्पष्टीकरण

**केंद्रीय गृह मंत्री ने आस्त किया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दलितों, आदिवासियों और पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण का समर्थन करती है। न तो आरक्षण समाप्त करेंगे, न किसी को करने देंगे। राजस्थान में अलवर जिले के गांव हरसोली में शुक्रवार को एक चुनाव सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस इस बारे में झूठी बातें फैला कर लोगों को गुमराह कर रही है।**

अलवर लोक सभा क्षेत्र से पार्टी के प्रत्याशी भूपेंद्र यादव के समर्थन में आयोजित सभा में अमित शाह ने कांग्रेस को पिछड़ा विरोधी पार्टी बताया। कहा कि यह बात इससे ही जाहिर हो जाती है कि कांग्रेस पार्टी ने सालों तक काका साहब कालेलकर रिपोर्ट को दबा कर रखा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्ता में आते ही ओबीसी कमीशन को संवैधानिक मान्यता देने का काम किया। केंद्र के सारे दाखिलों में 27 प्रतिशत आरक्षण देने का काम भी भाजपा ने किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं ओबीसी समाज से आते हैं, और उनके 27 से ज्यादा मंत्री भी ओबीसी समाज से हैं। मात्र कुछेक दिनों के भीतर यह दूसरी दफा है, जब आरक्षण की बाबत सरकार की तरफ से आश्वस्ति देनी पड़ी है। कुछ ही रोज पहले प्रधानमंत्री ने कहा था कि आरक्षण खत्म नहीं किया जाएगा। आज बाबा साहेब भी आ जाएं तो आरक्षण को खत्म नहीं किया जा सकता। दरअसल, सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ इस प्रकार की धारणा बना दी गई है कि वह मौका मिलते ही आरक्षण को खत्म कर सकती है। वैसे भी भाजपा के पूर्व अवतार जनसंघ को कांग्रेस पार्टी ने सवर्ण तबकों और व्यापारियों की पार्टी के रूप में प्रचारित कर दिया था। इस टैग से छुटकारा पाने के लिए उसे काफी मशक्कत करनी पड़ी।

आज भी दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में गाहे बगाहे उसे सवर्ण जातियों के हितों की सरपरस्त पार्टी बता दिया जाता है। भले ही यह दुष्प्रचार कहा जाए लेकिन इस मामले में भाजपा को रक्षात्मक होकर सफाई देनी पड़ती रही है, और यही विरोधी पार्टियों की सफलता होती है कि वे सत्तारूढ़ पार्टी और उसके घटक दलों को रक्षात्मक मोड में लाकर सफाई देने के लिए विवश कर दें। जिस प्रकार पहले प्रधानमंत्री और अब गृह मंत्री ने आरक्षण को लेकर स्पष्टीकरण दिए हैं, उनसे लगता है कि उन्हें इस नरेटिव से हो सकने वाले राजनीतिक नुकसान का अच्छे से भान है।

# पॉजिटिव विज्ञापन का असर

सुधीश पचौरी

**खबर चैनलों में आते विज्ञापन ध्यान खींचते हैं- एक निम्न मध्यवर्गीय घर। पत्नी के चेहरे पर नाराजी छाई है। दूधरहित काली चाय बनाकर देती है। उस चाय का घूंट लेकर जैसे ही पति मुंह बना कर कहता है कि ये क्या बना दिया है तो पत्नी कहती है तुमने व्हाट्सऐप सरकार बनाई उसकी महंगाई में यही मिल सकता है। फिर गुस्से से कहने लगती है, 'मेरे विकास का दो हिसाब'। फिर हाथ का चित्र आता है, जो कहता है - 'हाथ बदलेगा हालात'।**

यह विज्ञापन एनडीए के शासन में बढ़ती महंगाई पर कटाक्ष करता है, और कांग्रेस का 'हाथ' ही 'हालात बदलेगा', ऐसी आस्ति देता है। दूसरा विज्ञापन 'बेरोजगारी' पर चोट करता है। 'वॉयसओवर' कहता है कि इंजीनियरिंग के आखिरी




बरस में बता दिया गया था कि बड़ी नौकरी मिलेगी..इंजीनियरिंग पास जब ये नौजवान अपने बाल काढ़कर और टाई लगाकर नौकरी के लिए घर से निकलता है तो किसी बड़ी नौकरी की जगह, घर के सामने खड़ा एक 'ई-रिक्शा' नजर आता है। वह गुस्से में अपनी टाई निकाल कर उस 'ई रिक्शा' को ड्राइवर बन चलाने के लिए बैठ जाता है, और गुस्से से भर कर कहता है 'मेरे विकास का दो हिसाब'। फिर आता है 'हाथ' का वही चिह्न जो कहता है कि 'हाथ बदलेगा हालात'।

इनके बरक्स भाजपा के विज्ञापन कुछ अलग भाषा बोलते नजर आते हैं। एक विज्ञापन काफी लंबा है। इसमें मोदी की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को पहुंच रहे लाभों को आम लोगों द्वारा ही कई भाषाओं में गाकर बताया जाता है, और अंत में कहा जाता है 'ये तो अभी ट्रेलर है' और अंत में सब कहते हैं कि जब मोदी की गारंटी हमारा कल्याण है तो हमारी गारंटी मोदी को जिताना है। अंत में ऊपर 'विकसित भारत' लिखा आता है, और नीचे मोदी के चित्र के साथ लिखा आता है 'अबकी बार मोदी सरकार!' ऐसे ही एक विज्ञापन में तीन युवक मोदी द्वारा किए गए राम मन्दिर, काशी विनाथ कॉरिडोर समेत अन्य तीथरे के विकास के बारे में खुशी-खुशी बताते हुए भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने की बात करते हैं, और कहते हैं 'ये तो अभी ट्रेलर है'..फिर कहते हैं कि ये मोदी की गारंटी है तो हमारी भी गारंटी है कि मोदी को जिताएं..। ऐसे ही एक विज्ञापन एक परिवार की तीन पीढ़ी की स्त्रियों के जरिए कहता है कि मोदी जी ने दवाएं सस्ती की, मुफ्त इलाज की व्यवस्था की। अब सब खुश हैं। एक बच्ची कहती है मोदी जी कहते हैं कि 'ये तो अभी ट्रेलर है'.. जब मोदी हमारे लिए इतना करते हैं तो हमारी गारंटी मोदी को जिताने की है..ऐसे ही, एक पिता-पुत्री मोदी द्वारा किए गए विकास कार्यों की चरचा करते हैं। फिर कहते हैं मोदी जी के कहते हैं 'ये तो अभी ट्रेलर है'..। फिर पुत्री कहती है कि हमारा सपना पूरा करने की गारंटी मोदी जी की तो मोदी जी का सपना पूरा करने की गारंटी हमारी..।'

'मोदी की गारंटी' के बदले 'जनता की मोदी को जिताने की गारंटी' की बात जनता की 'थैंक्स गिविंग' की तरह दिखती है। जैसे पब्लिक कहती हो कि उन्होंने हमारे लिए इतना किया तो हमारा भी कर्त्तव्य है कि उनके लिए भी कुछ करें..कहने की जरूरत नहीं कि ये विज्ञापन 'इंटरएक्टिव विज्ञापन' हैं, जो पॉजिटिव संदेश देकर जाते हैं और जो मोदी की नीतियों से बने लाभार्थियों को मोदी के पक्ष में 'एक्टिवेट' भी करते हैं। यहां एक भी चेहरा किसी से नाराज नहीं दिखता।

सब मोदी की गारंटियों के दीवाने दिखते हैं। यह इनका 'फीलगुड फेक्टर' है जबकि कांग्रेसी विज्ञापनों में नाराजी अधिक मुखर है। वे मोदी शासन के विरोध में जनता की नाराजी को हवा देते दिखते हैं। मानो जनता सत्ता से उतनी ही नाराज हो जितनी कि कांग्रेस नाराज है। कांग्रेस का एक तीसरा विज्ञापन अवश्य जरा पॉजिटिव दिखता है। इसमें तीस लाख पक्की नौकरी देने का वादा किया जाता है। फिर एक युवक को नौकरी मिली बताई जाती है। अंत में बड़े अक्षरों में 'जून, 2024' लिखा आता है। साथ ही 'हाथ' के चित्र के साथ 'हाथ बदेलगा हालात' वाली कैचलाइन भी नजर आती है। साफ है कांग्रेसी विज्ञापनों में नाराजी ज्यादा दिखती है, जो विज्ञापन कला के हिसाब से भी उचित नहीं दिखती क्योंकि 'पॉजिटिव' विज्ञापन' ही असर करते हैं। नकारातमक विज्ञान कारगर नहीं होते। इस मानी में मोदी के विज्ञापन हर बार पॉजिटिव संदेश देते लगते हैं। इस तरह वे अधिक कारगर नजर आते हैं।

## नशे को न कह कर जिंदगी जीएं शान से

नशा करते वक्त किसी को भी होश नहीं होती कि वह अपना कितना बड़ा नुकसान कर रहा है। नशे के लिए वह अपना सब कुछ दांव पर लगा देता है। सारा पैसा और यहां तक कि घर के गहने तक बेच देता है। युवाओं को नशा केवल देश के लिए कुछ करने के लिए जज्बे का, अच्छी बातों को ग्रहण करने का और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी सही से करने का होना चाहिए।

नशा हमारे समाज में किसी चुनौती से कम नहीं है। नशे के बारे में आए दिन कोई न कोई खबर समाचारपत्र, रेडियो, टेलीविजन में देखने सुनने और पढने् को मिलती है। नशे में सबसे अधिक हमारे देश का युवा गिरफ्त में फंसता जा रहा है। युवा जिसे देश का भविष्य कहा जाता है, समझा जाता है और भविष्य होते भी हैं, उस देश का युवा समझदार होते हुए भी नशे के आगे नासमझ बनता जा रहा है। नशे के आगे बेबस हो चुका है और इस बेबसी में एक कमजोर कड़ी के रूप में अपने व अपने शरीर को तबाह कर रहा है। शुरुआती दौर में युवा वर्ग नशे को शौकिया तौर पर लेता है जिसमें वह बीड़ी, सिगरेट, शराब वगैरह घर के व्यक्तियों से, जो इन चीजों का सेवन करते हैं, की देखा-देखी में उपयोग करता है। धीरे-धीरे उसे किसी न किसी नशे की आदत पड़ जाती है। इन नशों में अफीम, चिट्टा, हेरोइन, नशीली गोलियां, कैप्सूल, चरस, भांग जैसी किस्में आती हैं। ऐसी कई नशीली दवाइयां हैं जिनके सेवन से देश के लोगों, युवाओं की सेहत के साथ खिलवाड़ हो रहा है और साथ ही साथ उनके जीवन का नाश भी कर रही हैं तथा उन्हें कमजोर बना रही हैं।

शराब का सेवन करना भी किसी नशे से कम नहीं है। वैसे ही जरदा, खैनी, गुटका जैसे पदार्थों का सेवन करके आज का युवा और लोग इसकी बुरी लत में फंस रहे हैं और फिर इसके आदी बन कर अपनी सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में देसी शराब लोगों को मौत के मुंह में धकेलने का काम कर रही है। इस देसी शराब, जो जहरीली होती है, से असंख्य लोग अपनी जान गंवा देते हैं। नशा करने के लिए मनुष्य कई कारण ढूंढता है जो उसके लिए कमजोरी बन जाती है। कुछ लोग शौकिया तौर पर इसका इस्तेमाल करते हैं। कुछ पढ़ाई, काम, व्यवसाय में असफल होने पर तो कुछ लोग और युवा तो ऐसे होते हैं कि उन्हें इस बुराई का पता ही नहीं होता है, वे एक दूसरे की देखा-देखी में नशे की बुरी आदतों को अपनाकर अपनी जिंदगी को मौत के कुएं में धकेलने के लिए दस्तक देते हैं। नशे का आदी व्यक्ति इस गंदे दलदल में इस तरह फंसता चला जाता है कि उसका इससे बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है और वहीं से उसकी बर्बादी की कहानी शुरू होती है। इस बर्बादी में वह खुद ही शामिल नहीं होता है, बल्कि अपने परिवार को भी शामिल करता है। उसका परिवार उसकी इस दशा से परेशान होता है, उसकी चिन्ता करता है, जिससे उनका भी नुकसान बिना नशा किए ही हो जाता है। हमारे देश और प्रदेश में हर साल नशे की इतनी सारी खेप पुलिस विभाग द्वारा पकड़ी जाती है, कि हैरानी होती है। नशे के साथ नशे के व्यापारी भी पकड़े जाते हैं। फिर भी नशे का कारोबार कम नहीं होता है। प्रदेश पुलिस द्वारा भी समय -समय पर कई विशेष अभियान चलाए जाते हैं, दौड़ करवाई जाती है और स्कूलों में भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाता है।

# मायावती का 'अलग राज्य'

बसपा प्रमुख मायावती ने चुनाव प्रचार के दौरान पश्चिमी उप्र को एक अलग, स्वायत्त राज्य बनाने का मुद्दा उछाला है। जब मायावती 2007-12 के दौरान उप्र की मुख्यमंत्री थीं, तब भी वह इस मुद्दे पर मुखर थीं। देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और उनके बाद भी इसी भूक्षेत्र को 'हरित प्रदेश' नामक राज्य बनाने को आंदोलन और अभियान छेड़े गए थे। 'हरित प्रदेश' राष्ट्रीय लोकदल के महत्वपूर्ण मुद्दों में एक था। चूंकि पश्चिमी उप्र जाट, किसान, गुर्जर बहुल आबादी का क्षेत्र है, जिनका बुनियादी पेशा कृषि है, लिहाजा 'हरित प्रदेश' नाम देने की बार-बार बात कही गई, लेकिन अब मायावती ने जो मुद्दा उठाया है, उसकी भावुकता 'हरित प्रदेश' से न जुड़ कर राजनीतिक और चुनावी अधिक है। बसपा को आम चुनाव, 2024 में कोई बड़ा फायदा मिलेगा, ऐसे आसार नहीं हैं, क्योंकि मायावती राजनीतिक तौर पर उतनी सक्रिय भी नहीं हैं।

किसी भूखंड, क्षेत्र का पुनर्गठन कर नया, अलग राज्य बनाना आसान नहीं है। अलग राज्य के लिए संस्कृति, भाषा और जन-आंदोलन का होना बेहद अनिवार्य है। भाषायी आधार पर राज्यों के पुनर्गठन का सिलसिला 1953 में शुरू हुआ, जब आंध्रप्रदेश को प्रथम भाषायी राज्य बनाने की प्रक्रिया आरंभ की गई। तत्कालीन मैसूर राज्य और मद्रास राज्य के हिस्सों को अलग कर 'आंध्रप्रदेश' नए राज्य का



पुनर्गठन किया गया। 2013-14 में आंध्रप्रदेश का विभाजन किया गया और 'तेलंगाना' नया, अलग राज्य बनाया गया। राज्य पुनर्गठन आयोग भारत सरकार का एक संस्थान है, जो नया, अलग राज्य बनाने की प्रक्रिया सम्पन्न करता है। आयोग राज्यों के विभिन्न विवादों का भी निपटान करता है।

अलग राज्य बनाने के पीछे राजनीतिक समर्थन ही पर्याप्त नहीं, एक स्वतंत्र प्रशासनिक ईकाई स्थापित करना ही मकसद नहीं, बल्कि भाषा और संस्कृति अहम कारक होते हैं। आंध्रप्रदेश को भाषायी आधार पर अलग राज्य बनाने के बाद ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। राज्य पुनर्गठन आयोग ने इसी मुद्दे का व्यापक अध्ययन किया और 1955 में निष्कर्ष दिया कि अलग राज्य बनाने के लिए भाषायी ही सबसे सशक्त आधार है। राज्य सिर्फ एक प्रशासनिक ईकाई, एक अलग, स्वतंत्र सरकार ही नहीं है, वहां लोकतांत्रिक संस्थानों की प्रक्रिया और कार्यप्रणाली भी भावनात्मक हो। भाषा इस संदर्भ में इसका माकूल जवाब हो सकती है। प्रशासन के प्रभावों का भी सवाल है। कभी प्रभावशीलता प्रशासनिक ईकाई के आकार से भी तय होती है। करीब अढाई दशक पहले 'हरित प्रदेश' रालोद का सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा था। आज नहीं है। इसी दौर में भाषायी आधार और क्षेत्रीय इतिहास, संस्कृति के आधार पर अलग राज्यों की मांगें मुखर होने लगीं। नतीजतन झारखंड, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ राज्य बनाए गए। उनके मूल राज्य-बिहार, उप्र और मध्यप्रदेश इतने विशाल राज्य थे कि विभाजन होने के बावजूद कुछ और अलग राज्यों की मांगें गूंजती रहती हैं। आवास और शहरी मामलों की संसदीय कमेटी की एक रपट में अनुमान लगाया गया था कि राष्ट्रीय जीडीपी में शहरी भारत की हिस्सेदारी 65 फीसदी है, लिहाजा शहरी प्रभुत्व राज्य में राजनीतिक आयामों और गतिशीलता को बदल सकता है। राज्य सरकार को जो टैक्स मिलता है, उस पर भी स्वायत्त नियंत्रण इसी वर्चस्व से तय होगा। पश्चिमी उप्र का मुद्दा अपेक्षाकृत आर्थिक रूप से कमजोर क्षेत्र का होगा।


तेलंगाना भी खेती वाला क्षेत्र था, जिसके अपने आर्थिक मतभेद थे। आंध्रप्रदेश से आज भी ऐसे कई मतभेद सुलझ नहीं पाए हैं, लेकिन हैदराबाद पर तेलंगाना का नियंत्रण है, यह काफी महत्वपूर्ण है। 2021-22 में तेलंगाना ने अपना करीब 79 फीसदी राजस्व अपने कर-संग्रह से ही प्राप्त किया, जबकि आंध्रप्रदेश को ऐसा 50 फीसदी राजस्व ही मिल सका। मायावती के मुद्दे पर गौर करें, तो सबसे पहले राज्य पुनर्गठन आयोग इस पर कैसे विचार करेगा? केंद्रीय कैबिनेट का विचार क्या होगा? सबसे महत्वपूर्ण है कि उप्र की कैबिनेट और विधानसभा का विचार क्या रहता है? बेशक सामाजिक और सांस्कृतिक कारक किसी भी राज्य के पुनर्गठन के बुनियादी आधार होते हैं, लेकिन आर्थिक पक्ष बहुत जरूरी है। खासकर भारत की अर्थव्यवस्था जिस तरह बदल रही है, उसके मद्देनजर दो राज्य आर्थिक संसाधनों पर सहमत कैसे होते हैं, यह निर्णय होने के बाद ही नया, अलग राज्य आकार ग्रहण करेगा।


# जरूरत है एक ईमानदार प्रकाशक की

मेरा लिखने का अपना स्टाइल है। जब भी मेरा मन कुछ भी लीक से हटकर लिखने को करता है तो मैं अपनी लाइब्रेरी में पड़े कवियों-गद्यकारों के संकलनों में से पांच सात कवियों, पांच सात गद्यकारों की रचनाएं मुस्कुराते हुए फाड़ उनके टुकड़े टुकड़े कर उन्हें अपने सृजनात्मक डिब्बे में डाल देता हूं। फिर अपने उस सृजनात्मक डिब्बे को तब तक हिलाता रहता हूं जब तक गद्य पद्य में तो पद्य गद्य में घुल मिल नहीं जाते, कबीर के कुंभ में जल जल में कुंभ की तरह। बाहर जो हो, सो होता रहे। इससे मुझे कोई लेना देना नहीं होता। जब मुझे पता नहीं लगता कि अब इसमें गद्य कौन तो पद्य कौन, उसके बाद मैं अपने सृजनात्मक डिब्बे का ढक्कन खोल डिब्बे में से दो चमच नूतन साहित्य के निकाल उसे कागज पर डाल खिली धूप में सूखने रख देता हूं ताकि मेरा साहित्य समाज को ऊर्जा देने लायक हो जाए, प्रकाश देने लायक हो जाए। उसके बाद जो बनता है, मत ही पूछो, क्या बनता है! उसका रसास्वादन कर मैं अपनी उंगलियां चाटता अपने दांतों तले चबा लेता हूं। वाह यार! क्या कमाल का बर्गर बनाया तूने। नमक, मिर्च सहित तमाम मसाले इतने परफेक्ट कि ऐसा रीतिकालीन आचार्यों की डिशिश में भी देखने को कम ही मिले। यार! साहित्यिक शैफहो तो तेरे जैसा। कोई पता लगा दे कि ये मीठे में कड़वा है या कड़वे में खट्टा, खट्टे में मीठा है कि मीठे में खट्टा तो उसके बलिहारी जाऊं।

मतलब तब वह रचना न गद्य होती है न पद्य। होती है तो बस मेरी आपकी जिंदगी की तरह। जिसे न खाते रहा जाए, न चबाते। पर थूकते भी न रहा जाए। लेखन की इस अद्भुत कला के पीछे मेरा तर्क है कि जिस तरह आज जिंदगी न जिंदगी है न मौत, उसी तरह आज न कुछ पद्य है, न कुछ गद्य। पर वह कुछ जरूर है। यही जिंदगी की तरह काफी है। वे प्रकाशक प्रकाशक का पानी पिए हैं। कल मैंने उनसे संपर्क साधा, 'डियर! मैं फेसबुक, व्हाट्सएप पर चेपी अपनी मौलिक रचनाओं का संकलन प्रकाशित करवाना चाहता हूं। व्हाट्सएप, फेसबुक पर तो दिनरात पाठकों से रूबरू होता ही रहता हूं, अब मैं अमेजन, फ्लिपकार्ट के थ्रू पाठकों के घर में दस्तक देना चाहता हूं। मेरे तमाम फेसबुकिया, व्हाट्सेपिया पाठकों की मुझसे डिमांड है कि मैं किताब रूप में असैंबल हो कालजयी होऊं। मैं ही क्या! आज हर लेखक अमेजनीय, फ्लिपकार्टिय होना चाहता है। इसलिए मैं चाहता हूं कि मैं फेसबुक, व्हाट्सएप के लाइक्सों से बाहर निकल किताब रूप में अपने पाठकों के सामने प्रगट होऊं। जिंदगी में एक साहित्यकार को वह सब कुछ मिल सकता है जिसकी कामना उसने सपने में भी न की हो, पर सुना है, आज की तारीख में पाठक मिलना बहुत मुश्किल है। इसलिए पाठकों की मांग का आदर करते हुए मैं अपनी रचनाओं का संकलन छपवा अपने दिमागों को झकझोरना चाहता हूं। इसके लिए मुझे तुम्हारी सख्त जरूरत है। मुझे एक अच्छा सा प्रकाशक चाहिए जो मेरे साथ धोखा न करे। जिस तरह आत्मा की मुक्ति पंडों द्वारा होती है, सुना है, उसी तरह मूर्धन्य से लेकर स्वनामधन्य लेखक तक का मुक्ति मार्ग प्रकाशक के दरवाजे पर ही खत्म होता है।

लेकिन इसके साथ ही साथ यह भी सुना है कि इस राह में कदम कदम पर धोखे हैं। बंधु! मैं जिंदगी में जितने धोखे खा सकता था, या कि जितने धोखे खाने की मुझमें कैपेसिटी थी, उतने मैं अपने परायों, से खा चुका हूं। अब मुझमें और धोखे खाने की हिम्मत नहीं है' मेरी यह बात उनको मुझ पर ही नहीं, तय है, अपने पर भी हंसी आई होगी। पर वे हंसे नहीं। गंभीर हो बोले, 'दोस्त! प्रकाशक और अच्छा सा! प्रकाशक और ईमानदार सा! जो प्रकाशक लेखक से ईमानदारी करेगा तो खाएगा क्या?






# चमत्कारिक और रहस्यमयी मंदिर है निधिवन

भारत में कई चमत्कारिक और रहस्यमयी मंदिर है। उन्हीं में से एक ऐसा मंदिर है जिसके दरवाजे रात अपने आप ही बंद हो जाते हैं और सुबह होते ही खुल जाते हैं। इस मंदिर के संबंध में इसके अलावा और भी चमत्कार जुड़े हुए हैं। हालांकि यह कितना सच है यह कहना मुश्किल है क्योंकि यह शोध का विषय है। लोग मानते हैं कि वृन्दावन में श्रीकृष्ण का एक ऐसा मंदिर है जो अपने आप ही खुलता और बंद हो जाता है। यह भी माना जाता है कि इस मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण रोज रात को खुद शयन करने आते हैं। उनके सोने के लिए मंदिर के पुजारी रोज पलंग लगाते हैं और जिस पर साफ-सुधरी गादी एवं बिस्तर के ऊपर चादर बिछाते हैं।


लेकिन कहते हैं कि जब मंदिर खुलता है तो उस बिस्तर की हालत देखकर सभी अचंभित हो जाते हैं, क्योंकि उसे देखकर लगता है कि यहां कोई सोया था। सबसे आश्चर्य की बात यह भी कि यहां प्रतिदिन माखन मिश्री का प्रसाद चढ़ाया जाता है और जो बच जाता है उसे मंदिर में ही रख दिया जाता है, लेकिन सुबह तक वह प्रसाद भी समाप्त हो जाता है। आखिर कौन खा जाता होगा वह प्रसाद?

लोगों की मान्यता है कि इस मंदिर के दरवाजे रात में अपने आप बंद हो जाते हैं इसलिए मंदिर के पुजारी अंधेरा होने से पहले प्रसाद और पलंग का इंतजाम करके रखते हैं और रात की अंतिम आरती के बाद चले जाते हैं। रात में यहां कोई भी नहीं रुकता है। स्थानीय लोगों के अनुसार ऐसा बरसों से होता आ रहा है। कुछ लोग इसे अंधविश्वास मानते हैं और कुछ लोग इसे श्रीकृष्ण का चमत्कार। हालांकि सच क्या है यह तो शोध का विषय ही है। हालांकि सच ये हैं कि निधिवन में श्रीकृष्ण राधा का एक ऐसा मंदिर है जहां राधा और कृष्ण के शयन करने की मान्यता है।

मान्यता अनुसार इस मंदिर को तानसेन के गुरु संत हरिदास ने अपने भजन से राधा-कृष्ण के युग्म रूप को साक्षात प्रकट किया था। यहां कृष्ण और राधा विहार करने आते थे। यहीं पर स्वामीजी की समाधि भी बनी है। जानिए इस मंदिर के बारे में 5 रहस्य।

- जनश्रुति है कि प्रतिदिन मंदिर के अंदर स्थित रंगमहल में कृष्ण-राधा का पलंग लगा दिया जाता है और पूरा रंगमहल सजा दिया जाता है तथा राधाजी का श्रृंगार सामान रख कर मंदिर के दरवाजे बन्द कर दिए जाते हैं। जब प्रातः दरवाजे खुलते हैं तो सारा सामान अस्त-व्यस्त मिलता है। मान्यता है कि रात्रि में राधा-कृष्ण आकर इस सामान का उपयोग करते हैं।
- हालांकि शाम के बाद यह मंदिर बंद हो जाता है और यह भी कहा जाता है कि अगर यहां कोई छुपकर रासलीला देखता है तो वह अगले दिन पागल हो जाता है।
- कहते हैं कि यहां तुलसी के दो पौधे एक साथ लगे हैं। रात के समय जब राधा और कृष्ण रास रचाते हैं तो यही तुलसी के पौधे गोपियां बनकर उनके साथ नाचते हैं। इन तुलसी का एक भी पत्ता यहां से कोई नहीं ले जाता है। जिसने भी गुपचुप यह कार्य किया वह भारी आपदा का शिकार हो जाता है।
- इस मंदिर के परिसर में उगने वाले पेड़ भी अजीब है। यहां के पेड़ की शखाएं नीचे की ओर बढ़ती है।
- यहां के आसपास के अधिकतर घरों में खिड़कियां नहीं हैं और जिनके घरों में हैं वे शाम की आरती के बाद खिड़कियां इस डर से बंद कर देते हैं कि कोई मंदिर की दिशा में देखे नहीं, अन्यथा वह अंधा हो जाएगा।





# कलह और दरिद्रता दूर करता है आंगन में तुलसी का पौधा

भारतीय संस्कृति में तुलसी के पौधे का बहुत महत्व है और इस पौधे को बहुत पवित्र माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि जिस घर में यह तुलसी का पौधा नहीं होता उस घर में भगवान भी रहना पंसद नहीं करते। माना जाता है कि घर में आंगन में तुलसी का पौधा लगा कलह और दरिद्रता दूर करता है। तुलसी एक ऐसा पौधा है। जिसके लाभ अनेकानेक हैं और इसे विज्ञान भी मान चुका है। तुलसी के कई प्रकार हैं जैसे रक्त तुलसी, राम तुलसी, भू तुलसी, वन तुलसी, ज्ञान तुलसी, मुख्यरूप से विद्यमान है। तुलसी की इन सभी प्रजातियों के गुण अलग है। इन्हीं में से कुछ ऐसे उपाय हैं जिनसे आप अपने घर का वास्तु दोष भी ठीक कर सकते हैं। वास्तुदोष दूर करने के लिए इसे दक्षिण-पूर्व से लेकर उत्तर पश्चिम तक किसी भी खाली कोने में लगाया जा सकता है। तुलसी का पौधा किचन के पास रखने से घर के सदस्यों में आपसी सामंजस्य बढ़ता है। पूर्व दिशा में यदि खिडकी के पास तुलसी का पौधा रखा जाए तो आपकी संतान आपका कहना मानने लगेगी। अगर संतान बहुत ज्यादा जिद्दी और अपनी मर्यादा से बाहर है तो पूर्व दिशा में रखे तुलसी के पौधे के तीन पत्ते रोज उसे किसी ना किसी तरह खिला दें। यदि आपकी कन्या का विवाह नहीं हो रहा हो तो तुलसी के पौधे को दक्षिण-पूर्व में रखकर उसे नियमित रूप से जल अर्पण करें। इस उपाय से जल्द ही योग्य वर की प्राप्ति होगी। यदि आपका कारोबार ठीक से नहीं चल रहा है तो तुलसी के पौधे को नैऋत्य कोण में रखकर हर शुक्रवार को कच्चा दूध चढ़ाएं। नौकरी में यदि उच्चाधिकारी की वजह से परेशानी हो तो ऑफिस में जहां भी खाली जगह हो वहां पर सोमवार को तुलसी के सोलह बीज किसी सफेद कपड़े में बांधकर कोने में दबा दे। इससे आपके संबंध सुधरने लगेगें।



# यह उपाय करने से शांत होंगे शनि दोष

सभी ग्रहों में सूर्य पुत्र भगवान शनिदेव को सबसे कूरर ग्रह माना गया है। भगवान शनिदेव हर राशि में विचरण करते हैं। किसी राशि में शनिदेव ढाई वर्ष तो किसी राशि साढे सात वर्ष तक रहते हैं। भगवान शनिदेव को कर्मो के अनुसार दण्ड देने का प्रतीक माना जाता है। जो जैसा कार्य करता है भगवान शनिदेव उसे वैसा ही दण्ड देते हैं। जिस किसी भी कुण्डली में शनिदेव विराजमान होते हैं वे इंसान हमेशा परेशान रहते हैं। शास्त्रों के अनुसार कुछ उपाय करने से शनिदेव शांत रहते हैं और उस इंसान को शनिदेव कम परेशान करते हैं। शनिवार के दिन काले घोड़े की नाल या समुद्री नाव की कील से लोहे की अंगूठी बनवाएं। उसे तिल्ली के तेल में 7 दिन शनिवार से शनिवार तक रखें तथा उस पर शनि मंत्र के 23,000 जाप करें। शनिवार के दिन शाम के समय इसे धारण करें। यह अंगूठी मध्यमा (शनि की अंगुली) में ही पहनें तथा इसके लिए पुष्य, अनुराधा, उत्तरा, भाद्रपद एवं रोहिणी नक्षत्र सर्वश्रेष्ठ हैं। शनिवार या शनि जयंती के दिन सुबह जल्दी उठकर स्त्रान आदि से निवृत्त होकर कुश (एक प्रकार की घास) के आसन पर बैठ जाएं। सामने शनिदेव की मूर्तिं या तस्वीर स्थापित करें व उसकी पंचोपचार से विधिवत पूजन करें। पूजन के बाद रूद्राक्ष की माला से नीचे लिखे किसी एक मंत्र की कम से कम 5 माला जप करें तथा शनिदेव से सुख-संपत्ति के लिए प्रार्थना करें। यदि प्रत्येक शनिवार को इस मंत्र का इसी विधि से जप करेंगे तो शीघ्र लाभ होगा।

### पौराणिक शनि मंत्र

ऊं हि्रं नीलांजनसमाभासं रविपुत्रं यमाग्रजम।
छाया मार्तण्डसम्भूतं तं नमामि शनैश्चरम।।

प्रत्येक शनिवार को शाम के समय बड़ (बरगद) और पीपल के पेड़ के नीचे सूर्योदय से पहले स्त्रान आदि करने के बाद कडवे तेल का दीपक लगाएं और दूध एवं धूप आदि अर्पित करें।





# इन उपायों से बनाये आशियाना जीवन में आएगी खुशियां

जीवन में सफलता पाने में शुभ ऊर्जा और सकारात्मक सोच की खासी जरूरत होती है, जो कि हमें आसपास के माहौल और हमारे निवास से मिलती है। ऐसे में यदि नव निर्माण वास्तु सम्मत कराया जाए तो घर का हर कोना आपको सकारात्मक ऊर्जा से भर देता है। अपने घर को वास्तु के अनुसार कुछ यूं बनाया जा सकता है।

स्नानघर -स्नानघर, गुसलखाना, नैऋत्य (पश्चिम-दक्षिण) कोण और दक्षिण दिशा के मध्य या नैऋत्य कोण व पश्चिम दिशा के मध्य में होना सर्वोत्तम है। इसका पानी का बहाव उत्तर-पूर्व में रखे। गुसलखाने की उत्तरी या पूर्वी दीवार पर एग्जास्ट फैन लगाना बेहतर होता है। गीजर आग्नेय (दक्षिण-पूर्व) कोण में लगाना चाहिए क्योंकि इसका संबंध अग्नि से है। ईशान व नैऋत्य कोण में इसका स्थान कभी न बनवाएं।

**शौचालय** - शौचालय सदैव नैऋत्य कोण व दक्षिण दिशा के मध्य या नैऋत्य कोण व पश्चिम दिशा के मध्य बनाना चाहिए। शौचालय में शौच करते समय आपका मुख दक्षिण या पश्चिम दिशा की ओर होनी चाहिए। शौचालय की सीट इस प्रकार लगाएं कि उस पर बैठते समय आपका मुख दक्षिण या पश्चिम की ओर ही हो। प्रयास करें शौचालय एवं स्नानगृह अलग-अलग बनाएं। वैसे आधुनिक काल में दोनों को एक साथ संयुक्त रूप में बनाने का फैशन चल गया है। उत्तरी व पूर्वी दीवार के साथ शौचालय न बनाएं।

**मुख्यद्वार** - द्वार में प्रवेश करते समय द्वार से निकलती चुंबकीय तरंगें बुद्धि को प्रभावित करती हैं। इसलिए प्रयास करना चाहिए कि द्वार का मुंह उत्तर या पूर्व में ही हो। दक्षिण और पश्चिम में द्वार नहीं होना चाहिए।

**आंगन** - भवन का प्रारूप इस प्रकार बनाना चाहिए कि आंगन मध्य में हो या जगह कम हो तो भवन में खुला क्षेत्र इस प्रकार उत्तर या पूर्व की ओर रखें जिससे सूर्य का प्रकाश व ताप भवन में अधिकाधिक प्रवेश करें। ऐसा करने पर भवन में रहने वाले स्वस्थ व प्रसन्न रहते हैं। पुराने समय में बड़ी-बड़ी हवेलियों में विशाल चौक या आंगन को देखकर इसके महत्व का पता चलता है।

**सोपान या सीढ़ी** - भवन में सीढ़ियां वास्तु नियमों के अनुरूप बनानी चाहिए। सीढ़ियों का द्वार पूर्व या दक्षिण दिशा में होना शुभफलप्रद होता है। सीढ़ियां भवन के पाश्र्व में दक्षिणी व पश्चिमी भाग में दाएं ओर हो, तो उत्तम है। यदि सीढ़ियां घुमावदार बनानी हो, तो उनका घुमाव सदैव पूर्व से दक्षिण, दक्षिण से पश्चिम, पश्चिम से उत्तर और उत्तर से पूर्व की ओर होना चाहिए। कहने का मतलब यह है कि चढ़ते समय सीढ़ियां हमेशा बाएं से दाएं ओर मुड़नी चाहिए। सीढ़ियां हमेशा विषम संख्या में बनानी चाहिए। सीढ़ियों की संख्या ऐसी हो कि उसे 3 से भाग दें तो 2 शेष रहे। जैसे 5, 11, 17, 23, 29 आदि की संख्या। सीढ़ियों के नीचे एवं ऊपर द्वार रखने चाहिए। यदि किसी पुराने घर में सीढ़ियां उत्तर-पूर्व दिशा में बनी हो, तो उसके दोष को समाप्त करने के लिए दक्षिण-पशचिम दिशा में एक कमरा बनाना चाहिए। वास्तु में सोपान का अहम रोल होता है।

**बालकनी** - हवा, सूर्य प्रकाश और भवन के सौंदर्य के लिए आवासीय भवनों में बालकनी का खासा स्थान है। बालकनी भी एक प्रकार से भवन में खुले स्थान के रूप में मानी जाती है। बालकनी से सूरज कीक किरणें और प्राकृतिक हवा मिलती है। वास्तु सिद्धांतों के अनुसार बालकनी बनाई जा सकती है। यदि पूर्वोन्मुख भूखंड है, तो बालकनी उत्तर-पूर्व में उत्तर की ओर बनानी चाहिए। बालकनी उत्तर-पश्चिम में उत्तर की ओर बनानी चाहिए। यदि उत्तरोन्मुख भूखंड है, तो बालकनी उत्तर-पूर्व में उत्तर की ओर बनानी चाहिए। यदि दक्षिणोन्मुख भूखंड है, तो बालकनी दक्षिण-पूर्व में दक्षिण दिशा में बनाएं। बालकनी का स्थान भूखंड के मुख पर निर्भर है। लेकिन प्रयास यह होना चाहिए कि प्रातः कालीन सूर्य एवं प्राकृतिक हवा का प्रवेश भवन में होता रहे। ऐसा होने से मकान कई दोषों से मुक्त हो जाता है।

**स्वागत कक्ष या बैठक** - आज के दौर में भवन में स्वागतकक्ष का महत्व सबसे ज्यादा है। प्राचीनकाल में इसे बैठक के नाम से जाना जाता था। स्वागतकक्ष या बैठक में मसनद व तकिए या फर्नीचर दक्षिण और पश्चिम दिशाओं की ओर रखना चाहिए। स्वागतकक्ष या बैठक जहां तक संभव हो उत्तर और पूर्व की ओर खुली जगह अधिक रखनी चाहिए। स्वागतकक्ष भवन में वायव्य और ईशान और पूर्व दिशा के मध्य में बनाना चाहिए।

**अध्ययन कक्ष** - अध्ययन कक्ष हमेशा ईशान कोण में ही पूजागृह के साथ पूर्व दिशा में होना चाहिए। प्रकाश की ऊर्जा ही घर में सकारात्मकता लाती है, लिहाजा पूरब दिशा में स्टडी रूम काफी प्रभावी माना जाता है। वायव्य और पश्चिम दिशा के मध्य या वायव्य व उत्तर के मध्य बना सकते हैं। ईशान कोण पूजागृह के पास सर्वोत्तम है।

**भोजनालय या भोजनकक्ष** - भोजनकक्ष ड्राइंगरूम का ही एक भाग बन गया है या अलग भी बनाया जाता है। डायनिंग टेबल ड्राईंगरूम के दक्षिण-पूर्व में रखनी चाहिए अथवा भोजन कक्ष में भी दक्षिण-पूर्व में रखनी चाहिए।

**पूजागृह पूजन** - भजन, कीर्तन, अध्ययन-अध्यापन सदैव ईशान कोण में होना चाहिए। पूजा करते समय व्यक्ति का मुख पूर्व में होना चाहिए। ईश्वर की मूर्तिं का मुख पश्चिम व दक्षिण की ओर होना चाहिए। ब्रह्मा, विष्णु, शिव, इंद्र, सूर्य, कार्तिकेय का मुख पूर्व या पश्चिम की ओर होना चाहिए। गणेश, कुबेर, दुर्गा, भैरव, षोडश मातृका का मुख नैऋत्य कोण की ओर होना चाहिए। ज्ञान प्राप्ति के लिए पूजागृह में उत्तर-दिशा में बैठकर उत्तर की ओर मुख करके पूजा करनी चाहिए और धन प्राप्ति के लिए पूर्व दिशा में पूर्व की ओर मुख करके पूजा करना उत्तम है।

**जल प्रवाह** - भवन निर्माण में जल के प्रवाह का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। भवन का समस्त जल प्रवाह पूर्व, वायव्य, उत्तर और ईशान कोण में रखना शुभ होता है। भवन का जल ईशान (उत्तर-पूर्व) या वायव्य (उत्तर-पश्चिम) कोण से घर से बाहर निकालना चाहिए। वास्तु के अनुसार दिशाओं का जरूर ध्यान रखें। दिशाएं दशा बदलने का माद्दा रखती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रवासी भारतीयों ने टाइम्स स्क्वायर, हॉलीवुड, डेट्रॉइट और शिकागो में निकाला मोदी का परिवार मार्च

**शिकागो एजेंसी।** प्रवासी भारतीयों के सैकड़ों सदस्यों और ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ द बीजेपी (ओएफबीजेपी)-यूएसए के स्वयंसेवकों ने टाइम्स स्क्वायर, लॉस एंजिल्स, डेट्रॉइट और शिकागो सहित संयुक्त राज्य भर में एक जीवंत मोदी का परिवार मार्च निकाला।ओएफबीजेपी-यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद के नेतृत्व में ओएफबीजेपी के स्वयंसेवक रविवार को न्यूयॉर्क शहर के प्रतिष्ठित टाइम्स स्क्वायर पर एकत्र हुए। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के सैकड़ों समर्थक अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने, मोदी परिवार के साथ अपने संबंधों की पुष्टि करने और भारत को एक शानदार संदेश भेजने के लिए यहां एकत्र हुए कि मोदी परिवार दुनिया भर में फैला हुआ है। माहौल उत्साही समर्थकों से भरा हुआ था, जो पीएम मोदी के समर्थन के संदेशों से सजे झंडे, बैनर और तख्तियां लहरा रहे थे। नेताओं और स्वयंसेवकों सहित समुदाय के प्रमुख सदस्यों ने मोदी के प्रति अपनी निष्ठा की घोषणा करने के लिए कार्यक्रम में भाग लिया, जिससे संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रधान मंत्री को मिले भारी समर्थन पर प्रकाश डाला गया। स्वयंसेवक कृष्णा रेड्डी ने उपस्थिति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा- इतने सारे लोगों को हमारे प्यारे प्रधान मंत्री का समर्थन करने के लिए एक साथ आते देखना खुशी की बात है। यह सभा वास्तव में मोदी परिवार की ताकत और एकता को प्रदर्शित करती है।

### ईरान को भुगतने होंगे अपनी करनी के परिणाम - आईडीएफ प्रमुख

**तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल हरजी हलेवी ने कहा है कि ईरान को अपनी करनी के परिणाम भुगतने होंगे। दक्षिणी इजराइल में नेवातिम हवाई अड्डे का दौरा करने के बाद हलेवी ने कहा कि रविवार सुबह इजराइल पर ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन हमले का जवाब दिया जाएगा। हलेवी ने कहा, इजराइल अपनी रक्षा करने में सक्षम है। ईरान ने रविवार सुबह इजराइल पर मिसाइलों व ड्रोन से हमला किया था। आईडीएफ ने कहा है कि इनमें से 99 प्रतिशत को इजराइल पहुंचने से पहले ही रोक दिया गया और विफल कर दिया गया। आईडीएफ प्रमुख ने कहा कि उनकी सेना ने ईरानी हमलों को विफल कर दिया। उन्होंने कहा कि आईडीएफ की रक्षा में संयुक्त राज्य अमेरिका की सेंट्रल कमांड, ब्रिटिश सशस्त्र बल, फ्रांसीसी सशस्त्र बल और अन्य सेनाएं शामिल थीं। हलेवी ने कहा कि आईडीएफ किसी भी खतरे का मुकाबला करने के लिए तैयार है।

### ब्रिटेन में डीपफेक कंटेंट बनाने पर करना पड़ेगा मुकदमे का सामना, दोषियों को हो सकती है जेल की सजा

**लंदन , एजेंसी।** ब्रिटिश सरकार ने मंगलवार को कहा कि अश्लील डीपफेक कंटेंट बनाने वाले लोगों को नए कानून के तहत मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। ब्रिटेन सरकार इस संबंध में जल्द ही कानून बनाने जा रही है। यह विधेयक इस समय संसद के समक्ष विचाराधीन है। नए कानून के तहत बिना सहमति के डीपफेक कंटेंट बनाने वाले लोगों को मुकदमा और भारी जुर्माने का सामना करना पड़ेगा। विधेयक में प्रस्तावित प्रविधान के अनुसार अगर डीपफेक का प्रसार हो जाता है तो दोषियों को जेल की सजा हो सकती है। प्रधानमंत्री ऋषि सनक ने एक्स पर पोस्ट किया, सरकार अश्लील डीपफेक कंटेंट बनाने वाले लोगों पर नकेल कस रही है। हम इस पर प्रतिबंध लगाने के लिए नया कानून बनाने जा रहे हैं। ब्रिटेन की मंत्री लौरा फेरिस ने कहा, डीपफेक से बनाई गई अश्लील तस्वीरें निंदनीय और पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं।डीपफेक से आशय ऐसी तस्वीरों और वीडियो से है ।

### जेल की जगह हाउस अरेस्ट में रखीं गईं म्यांमार की नेता आंग सान सू, सेना ने लिया फैसला?


**बैंकॉक , एजेंसी।** म्यांमार की मानवाधिकारों की पैरोकार माने जाने वाली महिला आंग सान सू की जेल में कई सालों की सजा काट रही हैं। इस बीच देश में भीषण गर्मी और हीटवेव के कारण उन्हें जेल से बाहर लाया गया था। वहीं अब आंग सान सू की को नजरबंद किया गया है। सैन्य सरकार ने कहा कि म्यांमार की जेल में बंद पूर्व नेता आंग सान सू की को गर्मी के कारण स्वास्थ्य उपाय के तौर पर जेल से घर में नजरबंद कर दिया गया है।

### कब्ज़े वाले क्रीमिया में सैन्य हवाई क्षेत्र में विस्फोट, सामने आई आग लगने की घटना

**क्रीमिया, एजेंसी।** क्रीमिया में 17 अप्रैल की सुबह एक सैन्य हवाई क्षेत्र के पास कब्जे वाले दज़ानकोई शहर में विस्फोटों की सूचना मिली थी। विस्फोट के बाद, हवाई क्षेत्र में बड़े पैमाने पर आग लग गई। एक ऑनलाइन विमानन डेटाबेस के अनुसार, रूसी नौसेना का दज़ानकोई एयरबेस शहर से बाहर है और 27वें मिश्रित विमानन डिवीजन की 39वीं हेलीकॉप्टर रेजिमेंट वहां तैनात है। इस रेजिमेंट से कई अलग-अलग लड़ाकू हेलीकॉप्टर उड़ाती हैं। एयरफोर्स टेक्नोलॉजी वेबसाइट के अनुसार, केए-52 एलीगेटर रूस के केए-50 अटैक हेलीकॉप्टर का एक अपडेटेड ट्विन सीट एडिशन है।

# ईरान के मिसाइल और ड्रोन कार्यक्रमों पर नए प्रतिबंध लगाएगा अमेरिका; इस्राइल पर हमले के बाद उठाया कड़ा कदम

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
ईरान द्वारा इस्राइल पर हमले के बाद से पश्चिमी एशिया में तनाव और बढ़ गया है। ईरान की इस हमले की कई देशों ने व्यापक निंदा की है। हालांकि ईरान ने अपने फैसले को सही ठहराते हुए कहा है कि उसने इस्राइल द्वारा सीरिया में अपने दूतावास पर हुए हमले का बदला लिया है। इसी बीच, अमेरिका ने कहा है कि वह ईरान पर और कड़े प्रतिबंध लगाएगा। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा है कि अमेरिका ईरान के मिसाइल और ड्रोन कार्यक्रमों पर नए प्रतिबंध लगाएगा इसके अलावा इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) और ईरान के रक्षा मंत्रालय का समर्थन करने वाली संस्थाओं पर भी आने वाले दिनों में नए प्रतिबंध लगाए जाएंगे।



सुलिवन ने ताजा बयान में कहा कि इस्राइल के खिलाफ ईरान के हवाई हमले के बाद राष्ट्रपति बाइडन जी7 सहित सहयोगियों और भागीदारों और कांग्रेस में द्विदलीय नेताओं के साथ व्यापक प्रतिक्रिया पर समन्वय कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में अमेरिका ईरान को निशाना बनाते हुए कई तरह के प्रतिबंध लगाएगा। जेक ने अपील करते हुए कहा कि अमेरिका अपने सहयोगियों और साझेदारों से भी ईरान के खिलाफ प्रतिबंध लगाने की उम्मीद करता है। अमेरिका ईरान की मिसाइल और यूएवी क्षमताओं की प्रभावशीलता को और कम करने के लिए मध्य पूर्व में वायु और मिसाइल रक्षा और प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों को और मजबूत करने के लिए अपना कान जारी रखे हुए है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि हमारे सहयोगी जल्द ही प्रतिबंधों का पालन करेंगे।

अपने ताजा बयान में उन्होंने यह भी कहा कि हम वायु और मिसाइल रक्षा के सफल एकीकरण को और मजबूत करने और विस्तारित करने के लिए रक्षा विभाग और अमेरिकी सेंट्रल कमांड के जरिए काम कर रहे हैं और हम इसे आगे भी जारी रखेंगे। इससे हम पूरे मध्य पूर्व में ईरान की मिसाइल और यूएवी क्षमताओं की प्रभावशीलता को और कम कर पाएंगे।

ईरान पर नए प्रतिबंधों के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि नए प्रतिबंध और अन्य उपाय ईरान की सैन्य क्षमता और प्रभावशीलता को नियंत्रित करने और कम करने के लिए हैं। ये उस पर दबाव बनाने के लिए लगातार जारी रहेंगे। इस दौरान उन्होंने यह भी याद दिलाया कि अमेरिका ने बीते तीन सालों में मिसाइल और ड्रोन से संबंधित प्रतिबंधों के अलावा, आतंकवाद से जुड़े 600 से अधिक व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ प्रतिबंध लगाए हैं।

इनमें हमास, हिजबुल्लाह, हूती और कताइब हिजबुल्लाह सहित कई अन्य आतंकवादी समूह हैं। उनपर ये प्रतिबंध जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरानी सरकार को उसके दुर्भावनापूर्ण और अस्थिर करने वाले कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराने के लिए हम दुनिया भर के सहयोगियों और साझेदारों और कांग्रेस के साथ समन्वय में कार्रवाई जारी रखने में संकोच नहीं करेंगा। इससे पहले, 14 अप्रैल को, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस्राइल के खिलाफ ईरान के हमलों पर अपडेट के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा टीम से मुलाकात की थी। उससे पहले शनिवार को उन्होंने इस्राइल पर ईरानी ड्रोन हमलों के मद्देनजर अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ बैठक की थी।

## बांग्लादेश में दर्दनाक हादसा, बस और ट्रक में जोरदार टक्कर, 14 लोगों की मौत

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के ढाका-खुलना राजमार्ग पर मंगलवार को एक बस और एक ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में एक परिवार के पांच सदस्यों समेत कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। 'ढाका ट्रिब्यून अखबार ने पुलिस के हवाले से कहा कि यह हादसा फरीदपुर में हुआ जब खुलना मंडल में मगुरा शहर जा रही बस की ढाका की तरफ जा रहे ट्रक से टक्कर हो गई। इस हादसे में 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि दो लोगों ने अस्पताल ले जाते समय और एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों में ट्रक के यात्री, चालक व सहायक भी शामिल हैं। ट्रक पर चालक समेत 15 लोग सवार थे।



'डेली स्टार समाचार पोर्टल ने अपनी खबर में मृतकों की संख्या 13 बताई और कहा कि मृतकों में सात महिलाएं, तीन पुरुष और तीन बच्चे शामिल हैं। समाचार पोर्टल 'बीडीन्यूज24 की खबर के मुताबिक, मरने वालों में एक ही परिवार के पांच सदस्य भी शामिल हैं। इससे पहले उपायुक्त मोहम्मद कामरुल अहसान तालुकदार और पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुर्शीद आलम ने दुर्घटनास्थल का दौरा किया था। खबर में तालुकदार के हवाले से कहा गया है कि सरकार ने मृतकों को दफन करने के लिए 20 हजार टका की तत्काल राशि जारी की और इतनी ही रकम घायलों को उपचार के लिए दी गई है। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख टका तथा घायलों के परिवारों को तीन-तीन लाख टका की सहायता राशि दी जाएगी।

## रेगिस्तानी मुल्क में बाढ़ जैसे हालात, एक दिन की बारिश में ही पानी-पानी हुआ दुबई; एयरपोर्ट-स्टेशन सब बंद



**दुबई , एजेंसी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और उसके आसपास के देशों में मंगलवार को जमकर बारिश हुई। बारिश इतनी तेज हुई की कई जगहों पर बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए। भारी बारिश के चलते यूएई में प्रमुख राजमार्गों के कुछ हिस्सों में लबालब पानी भर गया और पूरे दुबई में सड़कों पर खड़े वाहन पानी में डूबे नजर आए।

इसके अलावा, भारी बारिश के कारण यूएई के प्रशासन ने मंगलवार को लोगों से घरों में ही रहने का अनुरोध किया। स्कूलों ने कक्षाएं आनलाइन आयोजित कीं। सरकारी कर्मचारियों से भी घरों से कार्य करने को कहा गया। आइए आपको फोटो के माध्यम से दिखाते हैं कि किस तरह भारी बारिश के बाद दुबई जैसे थम सी गई। दुनिया के व्यस्तम हवाई अड्डों में से एक दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (डीएक्सबी) पर करीब 25 मिनट संचालन बंद रहा। इस कारण कई उड़ानें रद करनी पड़ीं और कई विलंबित हो गईं।

सड़कों पर डूबती दिखीं कई गाड़ियां कई राजमार्गों और सड़कों से पानी निकालने के लिए प्रशासन को बड़े-बड़े पंप लगाने पड़े। पानी इतना भर चुका था कि कई गाड़ियां डूब गईं। मंगलवार को यूएई के आसमान में जमकर बिजली चमकी और फिर उसके बाद भारी बारिश का दौर जारी रहा। काले आसमान और तेज हवाओं की वजह से पूरी दुबई जैसे बादलों के घेरे में गिरफ्त दिखी। दुबई अपने बड़ी-बड़ी बिल्डिंग को लेकर जाना जाता है।

## राष्ट्रपति रईसी ने कतर के अमीर से फोन पर की बात, कहा- फलस्तीनी अब भी इस्राइल के जुल्म के खिलाफ लड़ रहे

**तेहरान, एजेंसी।**
ईरान और इस्राइल के बीच युद्ध की आशंकाओं के बीच ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने कतर के अमीर शेख तमीम इब्न हमद अल थानी के साथ फोन पर बात की। इस दौरान रायसी ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि हमारे हितों के खिलाफ की गई किसी भी कार्रवाई के गंभीर परिणाम होंगे। हमारी ओर से इसमें शामिल सभी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, कतर के अमीर ने ईरान के साथ मजबूत द्विपक्षीय संबंधों की पुष्टि की।



मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गाजा में फलस्तीनियों की स्थिति पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इस्राइल के अत्याचारों को रोकने के प्रभावी उपायों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गाजा में इस्राइल के अत्याचारों से पीड़ित लोग शक्तिशाली हैं। फलस्तीनी अब भी इस्राइल से लड़ रहे हैं। अमेरिका सहित अन्य पश्चिमी देशों के समर्थन के बाद भी फलस्तीनी इस्राइल का डटकर मुकाबला कर रहे हैं।

दमिश्क में स्थित ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हुए इस्राइली हमले की रायसी ने निंदा की। साथ ही उन्होंने संयुक्त राष्ट्र और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आलोचना की क्योंकि दोनों अतंरराष्ट्रीय संस्थान दूतावाल पर हुए हमले की निंदा करने में विफल रहे थे। गौरतलब है कि एक अप्रैल को लड़ाकू विमानों ने सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हमला किया था। हमले में ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के अल-कुद्स बल के एक वरिष्ठ कमांडर सहित कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई थी। एक अप्रैल को सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हमला हुआ था। इससे दूतावास का एक खंड पूरी तरह ध्वस्त हो गया था। वहीं, ईरान के दो शीर्ष सैन्य जनरल और पांच अन्य अधिकारी भी मारे गए थे। इस हमले का ईरान इस्राइल पर आरोप लगा रहा है।

## पाकिस्तान में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगी आग, सरकार ने 16 दिन में फिर बढ़ाए रेट



**इस्लामाबाद , एजेंसी।**
पाकिस्तान में 16 दिन बाद पेट्रोल-डीजल की कीमतों में फिर आग लग गई है। मंगलवार को पेट्रोल के दाम 4.53 रुपए की बढ़ोतरी के बाद 293.94 पाकिस्तानी रुपए हो गए। वहीं हाई-स्पीड डीजल 8.14 रुपए बढ़कर 290.38 पाकिस्तानी रुपए हो गया। इसके अलावा केरोसिन ऑयल की कीमत में भी 6.69 रुपए की बढ़ोतरी हुई। इसका रेट अब 193.8 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पाकिस्तानी मीडिया जियो टीवी के मुताबिक, सरकार ने कहा है कि देश में पेट्रोल की कीमतें बढ़ाने की वजह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दाम में बढ़ोतरी है। दरअसल, ईरान-इजराइल के बीच टकराव की वजह से वैश्विक स्तर पर पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ गए हैं।

पाकिस्तान सरकार हर 15 दिनों में ईंधन की कीमतों की समीक्षा करती है। इस दौरान वैश्विक तेल की कीमतों के उतार-चढ़ाव और स्थानीय मुद्रा के एक्सचेंज रेट के आधार पर उन्हें बढ़ाती या घटाती है। इससे पहले 1 अप्रैल को पेट्रोल की कीमत में 9 रुपए बढ़ा दिए गए थे। तब इसकी वजह टैक्स की चोरी को बताया गया था।इसके बाद अप्रैल महीने में पेट्रोल की कीमत में कुल 13 रुपए की बढ़ोतरी हुई। इससे पहले 16 मार्च को सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं किए थे। प्रति लीटर पेट्रोल की कीमत 279.75 रुपए और एक लीटर डीजल की कीमत 285.56 रुपए थी।

पेट्रोल का ज्यादातर इस्तेमाल प्राइवेट ट्रांसपोर्ट, छोटे वाहनों के लिए किया जाता है। इसकी वजह से दाम बढ़ने का सीधा असर पाकिस्तान के मिडिल क्लास और लोअर क्लास लोगों की जेब पर पड़ेगा। वहीं, डीजल का यूज ट्रांसपोर्ट में इस्तेमाल होने वाले वाहनों जैसे ट्रेन, ट्रक, बस में होता है।

## अफगानिस्तान में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 50 हुई

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
देश के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने मंगलवार को बताया कि अफगानिस्तान में पिछले चार दिनों में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ में कम से कम 50 लोग मारे गए हैं। एजेंसी के प्रवक्ता जनान सयाक ने कहा कि बाढ़ की वजह से अन्य 36 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने पहले देश भर में 33 मौतों की जानकारी दी थी। कृषि भूमि और घरों के नष्ट होने समेत महत्वपूर्ण क्षति हुई है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, अफगानिस्तान दशकों के संघर्ष, बाढ़ और भूकंप समेत एक के बाद एक प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव से जूझ रहा है। अक्टूबर में पश्चिमी प्रांत हेरात में आए भूकंप में कम से कम 1,500 लोगों की जान चली गई थी। नूरिस्तान प्रांत के एक पहाड़ी गांव में फरवरी में हिमस्खलन हुआ था, जिसमें कम से कम 21 लोग मारे गए थे। खासकर दूरदराज के इलाकों में मजबूत बुनियादी ढांचे की कमी अक्सर ऐसी आपदाओं के परिणामों को बढ़ा देती है।

## पाकिस्तान ने फिर उठाई उंगली, कहा- भारत ने करवाई डॉन सरफराज की हत्या

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान ने एक बार फिर उंगली उठाते हुए अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर सरफराज की मौत में भारत का हाथ बताया है। नकवी ने कहा है कि पिछले दिनों हुई हत्याओं में भी भारत सीधे तौर पर शामिल था और ये हत्या भी उसी पैटर्न पर भी की गई है। सोमवार को लाहौर में मीडिया से बात करते हुए पाक के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा, पाकिस्तान में पिछले दिनों में हुई कई हत्याओं में भारत के शामिल होने की आशंका है। हालांकि, पुलिस अभी इस मामले में जांच कर रही है। इसलिए कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

रविवार 14 अप्रैल को दो अज्ञात हमलावरों ने अमीर सरफराज की गोली मारकर हत्या कर दी थी। अमीर उस समय लाहौर के इस्लामपुरा में अपने घर में था, जब उस पर हमला हुआ। हमलावरों ने घर की घंटी बजाई और जैसे ही अमीर दरवाजा खोलने बाहर आया, उस पर पास से फायरिंग कर दी। इसके बाद अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। पाकिस्तान के मंत्री के आरोप पर फिलहाल भारत सरकार की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। अमीर सरफराज के भाई जुनैद सरफराज की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात हमलावरों पर केस दर्ज कर लिया है। पाकिस्तान पंजाब सरकार ने केस को पुलिस के काउंटर-टेररिज्म डिपार्टमेंट को ट्रांसफर कर दिया है, जो आईएसआई का ही एक हिस्सा माना जाता है। माना जाता है कि अमीर सरफराज और उसके साथी ने आईएसआई के इशारे पर साल 2013 में लाहौर जेल में बंद भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। यह हत्या भारत में अफजल गुरु की फांसी के 2 महीने बाद हुई थी।



# जन्म के बाद एक महीने तक बेटे को खिलाई सिर्फ धूप, मौत, पिता को आठ साल की जेल

**मास्को, एजेंसी।**
रूस की इन्फ्लूएंजर को अपने एक महीने के बेटे की मौत पर आठ साल की सजा सुनाई गई। वह बेटे को मां का दूध नहीं पीने देता था, वह उसे धूप के जरिए ही जिंदा रखना चाहता था। साथ ही वह दूसरों के लिए एक उदाहरण सेट करना चाहता था कि सिर्फ सूरज की रोशनी से जीवित रहा जा सकता है। कुपोषण और निमोनिया से बच्चे की मृत्यु हुई है।

रूस की एक अदालत में बढ़ा अजीबो-गरीब केस आया। जिसमें एक महीने के बच्चे कोसमोस जिसका वजन 3.5 पाउंड था, उसे अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। चिकित्सकों का कहना है कि वह पहले से ही काफी कमजोर था। उसकी माता ओक्साना मिरोनोवा और पिता मैक्सिम ल्युटी को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की सुनवाई के दौरान कोसमोस की मां ने जो खुलासा किया, उसे अदालत में बैठे सब लोग हैरान रह गए। उसने बताया कि मैक्सिम ल्युटी आलौकिक शक्तियों के लिए बेटे पर अजीब-अजीब प्रयोग किया करता था। प्रसव पीड़ा के दौरान जब मिरोनोवा के अस्पताल ले जाने की बारी आई तो उसने मना कर दिया। घर पर ही मिरोनोवा का प्रसव कराया गया।

बेटे का जन्म हुआ उसका नाम कोसमोस रखा। लेकिन अब कोसमोस और मिरोनोवा के साथ प्रताड़ना शुरू हुई। ल्युटी को मिरोनोवा को जबरन शाकाहारी भोजन करवाया, जिसमें जामुन इत्यादि खिलवाए। उसका मानना था कि इससे शरीर में आध्यात्मिक ऊर्जा का विकास होता है।



उसके बाद तो उसने हद कर दी। उसने मिरोनोवा को बच्चे को दूध पिलाने के लिए भी मना कर दिया। मिरोनोवा की बहन ने अदालत में बताया कि ल्युटी का मानना था कि सूर्य ही बच्चे को दूध पिला रहा है। उसने बताया कि मिरोनोवा कई बार ल्युटी से छिपकर बेटे को दूध पिलाती है। लेकिन उसे हमेशा डर रहता था कि की ल्युटी को पता न चल जाए।

मिरोनोवा की बहन ओलेसा ने कहा कि एक बच्चा सूर्य के भरोसे कैसे जीवित रह सकता है, उसे मां के दूध की आवश्यकता तो होती ही है। मिरोनोवा ने बताया कि ल्युटी अपने बेटे कोसमोस में आलौकिक शक्तियां चाहता था, वह उस पर एक प्रयोग भी कर रहा था। वह चाहता था कि कोसमोस सिर्फ सूर्य की रोशनी के सहारे ही जीवित रहे। बीमार होने पर उसे दवाई नहीं देता था, बल्कि उसने कोसमोस को ठंडे पानी से नहलाया, सिर्फ इसलिए कि इससे बच्चा मजबूत होगा। ओक्साना मिरोनोवा की मां गैलिना ने बच्चे की मौत पर अफसोस जताते हुए कहा कि मैंने महसूस किया कि उसमें कुछ तो अलग से वह आम लोगों की तरह नहीं था, वह पागल था। उन्होंने कहा कि मिरोनोवा उसके लिए बलि का बकरा थी।

## संक्षिप्त-खबर

### बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर का भव्य शोभा यात्रा निकाली गई



**महासमुंद( समय दर्शन )।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन महासमुंद के तत्वाधान में बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर का भव्य शोभा यात्रा जो महासमुंद नयापारा से प्रारंभ होकर एकता चौक होते हुवे बाबा साहेब आंबेडकर चौक पहुंची जहां भारतीय संविधान को शामिल किया गाया जिससे लोगो को भारतीय सविधान के बारे में जानकारी हो सके और हर चौक चौराह में भारतीय संविधान के बारे में बताया गया और साथ ही साथ बाबा साहेब के जिवनी के बारे में बताया गया जिसमें प्रमुख रूप से उपस्थित भीम आर्मी जिला प्रभारी आकाश डोंगरे.उपाध्यक्ष सुशील बघेल.जिला महासचिव डोमार सींग बंजारे.जिला महासचिव द्वारका कुर्रे. जिला कार्यकारणी गोपाल लहरिया.राजिम जिलाध्यक्ष रामसिंग घृतलहरे.स्टूडेंट जिला अध्यक्ष विकास जांगड़े.बसना ब्लॉक अध्यक्ष राजराहुल लहरे.महासमुंद ब्लॉक अध्यक्ष आकाश बांधे.भागवत कोशरिय.राधिका जांगड़े.तनु कोशरिया और बड़ी संख्या में भीम आर्मी भारत एकता मिशन के सदस्य उपस्थित थे।

### पीडब्ल्यू विभाग की बड़ी लापरवाही



**सरायपाली( समय दर्शन )।** महासमुंद जिला से सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला को जोड़ने वाली प्रमुख सड़क मार्ग सरायपाली से सरसीवा मार्ग के मध्य स्थित सागरपाली गांव में रोड की हालत बेहद ही खराब स्थिति में है जहा पर गड्ढे ही गड्ढे है और उस गड्ढे को भरने के लिए सागरपाली पंचायत द्वारा मुरम डालकर कुछ दिनों के लिए सुधार किया जाता है लेकिन वहां भारी लोड वाले वाहनों का आना-जाना इतना अधिक मात्रा में है की उस जगह फिर गड्ढे होते हैं जब बरसात का मौसम आता है तो वहां पर खेतो जैसा लबालब जल भर जाता है और जब गर्मी सीजन आता है तो वहां पर धूल कंकड़ का जमाव रहता है और गाड़ी मोटर चलने पर धूल से राह गीरों को भारी परिशानियों से गुजरना पड़ता है लेकिन नागरिकों की परेशानियों का कुष्ठ विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों को कोई फर्क नहीं पड़ता वे तो केवल पंखे के नीचे खुर्सी पे आराम फरमाने में मस्त है उन्हे नागरिकों के तकलीफ से कोई मतलब नहीं।

### भाजपा सरकार व्यापारियों के साथ सबका साथ ,सबका विकास चाहती है-डॉ.सम्पत



**बसना( समय दर्शन )।** बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल के जनसंपर्क कार्यालय में लोकसभा चुनाव को लेकर व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दस वर्षों के सेवा, समर्पण और जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार में व्यापारी सुरक्षित है और भाजपा सरकार व्यापारियों के साथ सबका साथ सबका विकास चाहती है । भाजपा सरकार मे हमेशा व्यापारियों को बढ़ावा मिला है। भाजपा सरकार में सबका साथ सबका विकास को लेकर कार्य किया जा रहा है। इसलिए हम सभी को एकजुट होकर सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की नीति से क़दम से क़दम मिलाकर भाजपा सरकार के साथ चलने का संकल्प लेना है। उन्होंने आगे लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने व भाजपा के 400 पार के आंकड़े को हासिल करने भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती रुपकुमारी चौधरी को प्रचंड मतों से विजयी बनाने की अपील की। सम्मेलन में शामिल सभी व्यापारी बंधुओं ने भाजपा को जीत दिलाने का संकल्प लिया। इस दौरान जिला संगठन प्रभारी जगन्नाथ पाणीग्राही, विधानसभा प्रभारी अमरजीत सिंह छाबड़ा, विधानसभा संयोजक डॉ.एनके अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र त्रिपाठी, मण्डल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, रामचंद्र अग्रवाल,नगर पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र साहू,उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि अभिमन्यु जायसवाल आदि उपस्थित थे।

# सारँगढ़ में बढ़ते अपराध के विरुद्ध एक दिवसीय नगर बन्द रहा

**सारंगढ़ योगेश कुर्रे ( समय दर्शन )।** शादियों से भरे सीजन में सारंगढ़ नगर में छाया रहा सन्नाटा सभी दुकानों में लगा रहा ताला शहर से लेकर गांव तक हुआ प्रभावित आपको बता दे विगत कुछ महीनों से सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला में अपराध महामारी की तरह बढ़ रहा पूरे जिले में छोटी मोटी घटना आम बात माना जा रहा लेकिन कुछ महीनो से हृदय विदारक घटना लोगो के मन में डर कर गया एक महीने नही बीते दो दो युवा की सारे आम कत्ल हो जाना इस बात का अंदेशा लगाया जा रहा की सारंगढ़ में अपराध किस हद तक बढ़ गया है और यह घटना ग्रामीण क्षेत्र ने नहि बल्कि शहर की बीचों बीच घट रहा जिससे शहर में भय का माहौल छाया हुआ है इस हृदय विदारक घटना को लेकर शहर वासियों में खूब शोक के साथ आक्रोश नजर आ रहा जिसको लेकर कल 18 अप्रैल को चेंबर ऑफ कॉमर्स ने एक दिवसीय नगर बंद करने का निर्णय लिया गया था जिसका सफलता पूर्वक नगर बंद रहा साकेतिक रूप से नगरवासी प्रदर्शन





कर जिला प्रशासन से लेकर पुलिस प्रशासन को अवगत कराते हुए बढ़ते अपराध को नियंत्रण करने की अपील की।

### पुलिस प्रशासन अपराध रोकने में हो रहा विफल - चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष सारंगढ़

वही चेंबर ऑफ कॉमर्स सारंगढ़ अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने शोक के साथ आक्रोश जताते हुए कहा की जिस तरह से सारंगढ़ में अपराध बढ़ रहा है ये हम सबके लिए बहुत ही चिंता का विषय है और सारंगढ़ पुलिस अपराध को रोकने में विफल नजर आ रहा है और कार्यवाही भी संतुष्टि पूर्वक नही किया जा रहा जिसको लेकर सांकेतिक रूप से हम सब ने निर्णय लिया है की एक दिन के लिए नगर बंद किया गया और वह पूर्ण रूप से सफल रहा।

### सारंगढ़ नगर के यूवा नशे की दलदल में फंस रहा- मयूरेश केसरवानी

सारंगढ़ में दो दो हत्या नगर में खुलेआम हो गया उपद्रवी और असमाजिक तत्वों के हौसले बुलंद है जिन्हे किसी का कोई भय तक नही किसी का खुलेआम चाकू बाजी हो रहा बढ़ते अपराध का मुख्य कारण है की बहुत ही कम उम्र के यूवा नशे में डूब चुका है गांजा भाग शराब के साथ कई नशीली दवाओं का सेवन कर रहे नशे में धूत होकर घटना को अंजाम दे रहे है जिसको लेकर चेंबर ऑफकॉमर्स के तत्वाधान ने नगर बंद किया गया जिसमे सभी राजनीतिक दलों के साथ सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान के मित्रो ने समर्थन किया है पुलिस प्रशासन दोनो घटना में तत्काल कार्यवाही किया और आरोपी को जेल दाखिल किया गया पुलिस की बढ़ी सफलता कही जा सकती लेकिन यह भी देखा जा रहा की जिस तरह से अपराध बढ़ रहा तो उस पर अंकुश लगाने पुलिस प्रशासन को और कसावट लाने की जरूरत है

### भाजपा की नामांकन रैली आज, मुख्यमंत्री साय होंगे शामिल

**जांजगीर चांपा।** कार्यक्रम में मान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव सिंह उपमुख्यमंत्री अरूण साव विजय शर्मा प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, लोकसभा प्रभारी गौरीशंकर अग्रवाल पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल सासंद गुहाराम अजगले सहप्रभारी गुरूपाल भल्ला संभाग प्रभारी अनुराग सिंह देव लोकसभा संयोजक सहसंयोजक कृष्णकांत चंद्रा खिलावन साहु दिनेश जांगड़े प्रत्याशी कमलेश जांगड़े कमला पाटले जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल सुभाष जालान सनम जांगड़े सौरभसिंह गिरधर गुप्ता लीलाधर सुल्तानिया सोशल मीडीया प्रदेश प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर सहित जिले के सभी वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित रहेंगे।

# केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सीधा लाभार्थियों को मिला- दीनानाथ खुंटे

**सारंगढ़ ( समय दर्शन )।** मिशन 2024 के तहत 400 लोकसभा सीटों के लक्ष्य को साधने के लिए भाजपा के रणनीतिकारों ने माइक्रो लेबल पर काम करना प्रारंभ कर दिया है। भाजपा की ओर से अब लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए खास तौर पर रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी राधेश्याम राठिया को विजयी बनाने के लिए सारंगढ़ जिला के उपाध्यक्ष दीनानाथ खुंटे कमजोर बूथ पर वोट बढ़ाने पसीना बहा रहे हैं। इसी क्रम में शक्ति केंद्र पिण्डरी के दोनों बूथ के लाभार्थियों से मिलने



रोजगार गारंटी योजना में कार्य करने वाले हितग्राहियों से तालाब पर ही बैठक की गई और केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों के जेहन में इन योजनाओं की यादों को ताजा किया गया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीनानाथ खुंटे ने कहा कि लाभार्थियों को यह बताना है कि नरेंद्र मोदी सरकार ने जो योजनाए चलाई हैं वह सीधे तौर पर जरूरतमंद लोगों तक पहुंची है। केंद्र सरकार ने जनहित की योजनाओं को धरातल पर उतार कर जनता से किए गए एक-एक वायदों को पूरा किया है। उन्होंने बताया कि गरीबों के लिये पीएम आवास से पक्का घर में रहने का सपना साकार किया गया है। रसोई के धुएं को उज्वला की लौ से दूर किया गया है। खुले शौच पर पाबंदी के लिए शौचालय देकर घर की महिलाओं के मान-सम्मान की रक्षा की गई है। किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के जरिए लाभ पहुंचाया गया है। श्री खुंटे ने कहा कि गरीबों के इलाज के लिए आयुष्मान भारत जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारा है। घर-घर में पानी पहुंचाने के लिए नल-जल योजना की शुरुआत की गई है। छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी को विष्णुदेव जी की सरकार ने 100 दिनों में पूरा कर इतिहास रच दिया है। शक्ति केंद्र पथ सभा के इस कार्यक्रम में पिण्डरी बालो पाठ एवं दुखु पाठ के वरिष्ठ नेता रामदेव कुर्रे, विदुर भगत, सागर महंत, बुंदरुदास, रोहित बसंत व बूथ अध्यक्ष व बूथ सदस्यों के साथ दोनों बूथ के 75 लाभार्थी उपस्थित रहे।

# विजय साहू का बयान विजय बघेल के द्वारा कहलवाया गया राजनीतिक बयान-अश्वनी साहू

**पाटन ( समय दर्शन )।** कृषि उपज मंडी दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला साहू संघ दुर्ग के प्रदेश प्रतिनिधि अश्वनी साहू ने कहा कि विजय साहू अभी-अभी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गए हैं। वे प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष के खिलाफ माफी



मांगने का बयान जारी किया है वह विजय बघेल को खुश करने एवं भाजपा में स्थान बनाने चाटुकारिता पूर्ण बयान है। साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री टहल साहू के द्वारा समाज के किसी भी लोकसभा प्रत्याशी के लिए सहयोग करना या अपील करना कोई गुनाह नहीं है। विजय साहू बतावे क्या आप किसी भी सामाजिक व्यक्ति एवं पदाधिकारी से सहयोग लेंगे कि नहीं ? यह स्पष्ट करें।

मेरी जानकारी के अनुसार विजय साहू ना तो वे कभी परक्षेत्रीय अध्यक्ष और ना ही तहसील और न जिला के अध्यक्ष रहे हैं,और सीधे साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष पर माफी मांगने का सार्वजनिक आरोप लगा रहे हैं ऐसे में तो विजय साहू के ऊपर सामाजिक कार्रवाई होनी चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा सभी प्रत्याशी के लिए सहयोग माँगना कोई नई बात नहीं है। वैसे भी भारतीय जनता पार्टी ने दुर्ग जिला अंतर्गत किसी भी विधानसभा में एक भी साहू प्रत्याशी नहीं उतारा,लोकसभा चुनाव में खाली हाथ । ऐसे में समाज के लोगों को चिंतन करना होगा। श्री विजय बघेल के हार के बाद भी लोकसभा का प्रत्याशी बनाना साहू समाज के साथ धोखा है। पाटन में लगातार तीन पराजय के बाद भी एक ही व्यक्ति को चाहे लोकसभा हो या विधानसभा हो भाजपा द्वारा टिकट देना साहू समाज के प्रतिभा का हनन है।श्री विजय बघेल दुर्ग सांसद ने दुर्ग जिला के किसी भी समाज के व्यक्ति को आगे नहीं बढ़ाया वे तो सिर्फ अपने बारे में ही सोचते हैं।प्रदेश साहू संघ के ? कार्यकारिणी से निवेदन है कि प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष के खिलाफ अनर्गल बयान बाजी करने वाले विजय साहू के ऊपर सामाजिक कार्रवाई होनी चाहिए।

### बसना पुलिस ने 40 लीटर अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**बसना( समय दर्शन )।** आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर बसना थाना प्रभारी शशांक पौराणिक वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में बसना थानान्तर्गत मादक पदार्थों के निर्माण व विक्रय करने एवं संबंधित लोगों पर नकेल कसने पुलिस द्वारा क्षेत्र में सघन गस्त की जा रही हैं । इसी तारतम्य में बसना थाना क्षेत्र के ग्राम बेल्डीहपठार में बसना पुलिस ने घेराबंदी कर 40 लीटर अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

17 अप्रैल को पुलिस मुखबिर की सुचना पर ग्राम बेल्डीपठार पहुंची, जहाँ आरोपी नंदकुमार मिरी पिता सुन्दरलाल मिरी उम्र 32 साल निवासी बेल्डीपठार के कब्जे से एक प्लास्टिक बोरी के अंदर 20-20 लीटर वाली सफेद रंग की जरकीन में भरी हुई 20-20 लीटर जुमला 40 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमती 8000 रूपये जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### विवाह कार्यक्रम में मतदान करने दिलाई गई शपथ

**मुंगेली।** जिले के मतदाताओं को मतदान करने जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, इसी तारतम्य में लोरमी विकासखण्ड के ग्राम सेमरसल में विवाह कार्यक्रम के दौरान बिना किसी प्रलोभन के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान करने की शपथ दिलाई गई और लोकसभा निर्वाचन में 07 मई को अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने प्रेरित किया गया।


## ।। कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग ।।

### नामांतरण सूचना विज्ञप्ति क्रं - 01 वर्ष 2024-25

सर्व साधारण को सूचना दी जाती है कि छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 धारा 167 के अंतर्गत निम्नलिखि व्यक्तियों के उनके नाम के सामने भूमि/भवन स्वामित्व परिवर्तन हेतु आवेदन किया है।

संबंधित हित वाले व्यक्ति सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर अपने आपत्ति लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। समयाधि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1067 | 1067 | डॉ महेन्द्र कुमार शर्मा/रामदयाल शर्मा | प्रकाशचंद / रामदयाल शर्मा | वार्ड कं. 17 प्लाट नं.-26 केसर कुंज कदाम्बरी नगर दुर्ग | दान पत्र |
| 1071 | 1071 | राजेन्द्र देवांगन /स्व. रामजी देवांगन | रामजी देवांगन/ध्रुवराम, अजय देवांगन / स्व. रामजी देवांगन 1 अन्य 2 | वार्ड कं. 43 सुभाष नगर कसारीडीह दुर्ग | हक त्यागनामा |
| 1074 | 1074 | लीना चौधरी/रमेश प्रसाद अहिरवार, रमेश प्रसाद अहिरवार/ सुत्तू अहिरवार | बांत कुमरी कटारिया, मनीष कुमार पाण्डेय / चद्रशेखर पाण्डेय | वार्ड क्रं. 54 फ्लैट नं0 1 / 301 ऋषभ बिल्डर्स दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 1075 | 1075 | मीरा शेंगर / स्व. वेंकटेश्वर शेंगर | ऋषभ कालोनाइजर प्रा.लि. डायरेक्टर बसंत कुमार कटारिया / स्व. चम्पालाल जी कटारिया | वार्ड क्रं. 55 फ्लैट नं. - एच/102 1st Floor ऋषभ ग्रीन सिटी ONYX पुलगांव दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 1076 | 1076 | मेसर्स गीतिका ट्रेडर्स :- अमृत लाल खत्री/स्व. मंशाराम खत्री | मनोहर कोड स्टोर्स :- /श्यामलाल / स्व. बंशीलाल | वार्ड क्रं. 17 शक्ति नगर दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 1077 | 1077 | मीकल दास/स्व. यू.आर. दास, स्मृति दास / स्व. यू. आर. दास | पाना देवी/पप्पु नाथ, पप्पु नाथ / कोजनाथ | वार्ड क्रं. 51 बोरसी दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 1078 | 1078 | मनोरमा साहू/हीरा सिंह साहू | माँ कर्मा डेव्हलपर्स - प्रकाश शर्मा/चिरंजीलाल शर्मा, सुरेश देवांगन / स्व. जे.एल. देवांगन | वार्ड क्रं. 54 फ्लैट नं0 1 / 301 ऋषभ बिल्डर्स दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 1079 | 1079 | मुजु गुप्ता/राजेन्द्र कुमार गुप्ता | विजेन्दर कुमार वर्मा / सुरेन्द्र कुमार वर्मा | वार्ड कं. 11 शंगर नगर दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 1080 | 1080 | स्निग्धा मित्रा/ इन्द्रजीत मित्रा | उषा बेदरकर / विष्णु बेदरकर | वार्ड कं. 14 सिकोला भाठा दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 1081 | 1081 | डामिन मालेकर/ सतीश कुमार मालेकर | राकेश सिंह / बलराम सिंह | वार्ड क्रं. 59 हरि नगर दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 1082 | 1082 | दुर्गा गनवीर/संदीप गनवीर | ममता चौरे / योगेन्द्र चौरे | वार्ड क्रं. 58 आम्बेडकर नगर उरला दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 1083 | 1083 | मोहम्मद सफीक / मोहम्मद सईद | शिव चरण शर्मा/मुरारी लाल जी शर्मा | वार्ड क्रं. 51 पंचशील सेक्टर बोरसी दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 1084 | 1084 | सबीना बेगम/ इसराईल खान | नासेरा बेगम / शेख हबीब | वार्ड कं. 41 न्यू मस्जिद केलाबाड़ी दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 1085 | 1085 | अर्जुन चन्द्राकर / कृष्णा कुमार चन्द्राकर, राजपाल चन्द्राकर / कृष्णा कुमार चन्द्राकर | कृष्णा चन्द्राकर/ श्री जोधन चन्द्राकर | वार्ड कं. 09 गिरधारी नगर दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 1086 | 1086 | क्षितिज ताम्रकार / नंद कुमार ताम्रकार | अब्दुल राशिद / अब्दुल ताहिर | वार्ड कं. 51 हाऊसिंग बोर्ड विवेक विहार बोरसी दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 1087 | 1087 | रेखा देवी चंदेल / बलवंत सिंह चंदेल | कुसुम मानिकपुरी / हिमलेश मानिकपुरी | वार्ड क्रं. 59 हरि नगर कातुलबोर्ड दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 1088 | 1088 | काकोली नायक / अजित कुमार नायक | नमिता जायसवाल / अरूण कुमार जायसवाल | वार्ड क्रं. 59 हरि नगर सुनील किराना स्टोर्स कातुलबोर्ड दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 1089 | 1089 | निलेश कुमार जैन / कमलकिशोर जैन | सुरजीत सिंह / मछन्दर सिंह | वार्ड क्रं. 59 हरि नगर कातुलबोर्ड दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 1090 | 1090 | नरेश कुमार केला / मदन लाल केला | राजेश कुमार बजाज / स्व. बृजमोहन बजाज | वार्ड कं. 55 ए-11 महेश कॉलोनी पुलगांव दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 1091 | 1091 | वंदना गुप्ता/राजेश गुप्ता | डॉ. एस.वी. चौधरी, विजय लक्ष्मी चौधरी/ स्व. एस. आर. चौधरी | वार्ड कं. 45 एम.आई.जी. - 557 ओमकारेश्वरी मंदिर के पिछे पदमनाभपुर दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 1092 | 1092 | अणीमा तिवारी / मनोज कुमार तिवारी | बसंत कुमार / स्व. चम्पालाल जी कटारिया (जैन) | वार्ड कं. 55 फ्लैट नं. एफ-401 ऋषभ Inoxy पुलगांव दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |

**नामांतरण अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, दुर्ग**


# भीम आर्मी भारत एकता मिशन महासमुंद ने रेलवे स्टेशन पहुंच कर आंदोलनकारियों का किया समर्थन

**महासमुंद( समय दर्शन )।** जिनकी लिखी किताब आज देश के लिए कानून बनकर सबके हक के लिए न्याय दिला रहे ऐसे महान पुरुष की तस्वीर फाड़ना सबके आत्म सम्मान को ठेस पहुंचाना है विगत दिन बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर में दुर्ग रेल्वे स्टेशन में मुख्य टिकट निरीक्षक ने बाबा साहेब आंबेडकर का फोटो फाड़ कर दस्तबीन में फेक दिया जो की भारतीय संविधान निर्माता का घोर अपमान हुआ जिससे बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर को मानने वाले लोगो में बहुत आक्रोस है जो दो दिनों से दुर्ग रेल्वे स्टेशन में आन्दोलन कर रहे हैं उनकी मान सम्मान की रक्षा करते हुए आज भीम आर्मी भारत एकता मिशन महासमुंद ने भी अपने सदस्यो के साथ महासमुंद रेलवे स्टेशन पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया एवं उनका कहना है की बाबा साहेब आंबेडकर भारतीय सविधान निर्माता विश्व रत्न,भारत रत्न 32 डिग्री के योग्यता धारी हैं जो भारत के सबसे बड़े महापुरुष है जिन्होंने भारत के लिए



बहुत बड़ा योगदान दिया जिसका अपमान करने वाले को देश द्रोही करार करने और उचित कार्रवाई करने के लिए रेलवे अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया

जिसमे प्रमुख रूप से भीम आर्मी जिला प्रभारी आकाश डोंगरे.स्टूडेंट फाउंडेशन जिला अध्यक्ष विकास जांगड़े.जिला महासचिव डोमन सिंह बंजारे.गणेश मिरी.मीना बौद्ध.भीम आर्मी जिला उपाध्यक्ष सुशील बघेल. जिला महासचिव द्वारका कुर्रे,जिला कार्यकारणी गोपाल लहरिया.बसना ब्लॉक अध्यक्ष राजराहुल लहरे और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### डोर-टू-डोर जाकर मतदान करने किया जा रहा जागरूक

**मुंगेली।** स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले के मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में 07 मई को मतदान करने विभिन्न गतिविधियों से प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम कुधुरताल में डोर-टू-डोर जाकर मतदाताओं से सम्पर्क किया गया। इस दौरान मतदाताओं को मतदान का महत्व बताते हुए मतदान करने जागरूक किया गया और ''शत-प्रतिशत मतदान, मुंगेली जिले का अभिमान'' के संकल्प को साकार करने लोकतंत्र के महापर्व में सहभागिता की अपील की गई।

